

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 20 अगस्त 2025 ■ भाद्रपद कृष्ण पक्ष-12 ■ वर्ष -41 ■ अंक-143 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 21 अगस्त 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

## संक्षेप

### मारूति वेन पलटी 30 बच्चे घायल

**बलरामपुर,20 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर में आज सुबह स्कूली बच्चों के साथ बड़ा हादसा हो गया. यहां एक स्कूली वैन में भेड़-बकरियों की तरह बच्चों को ठूंस-ठूंसकर ले जाया जा रहा था. इसी दौरान वैन अंनियंत्रित होकर खेत में पलट गई. जानकारी के मुताबिक हादसा चेरा गांव पारा में हुआ और वैन में करीब 30 बच्चे सवार बताए जा रहे है. हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने बच्चों को वैन से बाहर निकाला. हादसे में कुछ बच्चे घायल हुए है और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया. यह वैन महादेवपुर स्थित मॉडल पब्लिक स्कूल की बताई जा रही है . बच्चों ने बताया कि वे स्कूल की छुट्टी के बाद घर जा रहे थे तभी ये हादसा हो गया. अब इस मामले में डिंडो चौकी पुलिस जांच कर रही है कि, ये वैन स्कूल की है या निजी ट्रेवल एजेंट की.हालांकि इस हादसे ने ट्रैफिक पुलिस पर भी सवाल खड़े कर दिए है, क्योंकि यदि एक मारूति वैन जिसमें 5-7 लोग ही बैठ सकते है ऐसे में कैसे इसमें 30-30 बच्चों को ले जाया जा रहा था ?

### भारतीय वायुसेना को मिलेंगे 97 नए तेजस मार्क 1ए लड़ाकू विमान

**नईदिल्ली ,20 अगस्त।** भारतीय वायुसेना की ताकत और बढने वाली है। केंद्र सरकार ने वायुसेना के लिए 97 एलसीए तेजस मार्क 1ए लड़ाकू विमानों की खरीद को मंजूरी दे दी है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि एक उच्चस्तरीय बैठक में विमानों की खरीद को अंतिम मंजूरी दे दी गई है। 62,000 करोड़ रुपये की लागत से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) इन विमानों का उत्पादन करेगा। नए ऑर्डर के बाद वायुसेना में तेजस विमानों की कुल संख्या 180 हो जाएगी। इससे पहले वायुसेना ने 83 तेजस विमानों का ऑर्डर करीब 48,000 करोड़ रुपये में दिया था। ये नए विमान मिग-21 विमानों की जगह लेंगे। बता दें कि मिग-21 विमान पुराने हो चुके हैं और आए दिन हादसे का शिकार होते हैं। इसी वजह से इन्हें चरणबद्ध तरीके से वायुसेना से बाहर किया जा रहा है। मिग विमानों को 19 सितंबर को सेवानिवृत्त किया जाएगा।

### एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने भरा उपराष्ट्रपति पद का पर्चा

**नई दिल्ली,20 अगस्त ।** उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने आज बुधवार को अपना नामांकन दाखिल कर दिया. सीपी राधाकृष्णन के नामांकन के समय उनके साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी समेत एनडीए के कई कद्दावर नेता और अन्य सांसद उनके साथ पर्चा दाखिल करने के समय पहुंचे. बता दें कि उपराष्ट्रपति पद का चुनाव 9 सितंबर को होना है.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नामांकन पत्रों के पहले सेट में मुख्य प्रस्तावक थे.



# साय मंत्रिमंडल में तीन नये मंत्री हुए शामिल

**रायपुर, 20 अगस्त.** छत्तीसगढ़ में साय मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद तीन नए मंत्रियों को उनके विभाग का बंटवारा भी कर दिया गया है। गजेंद्र यादव को स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य का विभाग दिया गया है। राजेश अग्रवाल पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग संभालेंगे। वहीं खुशवंत साहेब को कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, अनुसूचित जाति विकास सौंपा गया है। बता दें कि साय कैबिनेट में तीन विधायक राजेश अग्रवाल, खुशवंत साहेब और गजेंद्र यादव ने मंत्री पद की शपथ ली है। राजभवन में राज्यपाल ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वाले तीन मंत्रियों में से राजेश अग्रवाल और खुशवंत साहेब पूर्व कांग्रेसी रह चुके हैं। नए मंत्रियों के शपथ ग्रहण के बाद उनके समर्थकों में उत्साह दिखा, दुर्ग, आरंग और लखनपुर में आतिशबाजी की गई, जिंदाबाद के नारे लगाए। ढोल नगाड़ों की थाप पर थिरके। एक तरफ जहां मंत्रिमंडल में नए मंत्रियों के शामिल होने से समर्थक और कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज राजभवन के छत्तीसगढ़ मण्डपम् में सर्वश्री गजेन्द्र यादव, राजेश अग्रवाल एवं गुरू खुशवंत साहेब को मंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री द्वय श्री अरुण साव एवं श्री विजय शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मंत्रीपरिषद के सदस्यगण, विधायकगण, जनप्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।



## मुख्यमंत्री साय ने दी शुभकामनाएँ

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज शपथ ग्रहण करने वाले कैबिनेट के नए सदस्य श्री गजेंद्र यादव, श्री गुरु खुशवंत साहेब तथा श्री राजेश अग्रवाल को बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने विश्वास व्यक्त किया कि नवनियुक्त मंत्रीगण अपनी समर्पित निष्ठा और कार्यकुशलता के साथ जनसेवा के लिए पूर्ण तत्परता से कार्य करेंगे तथा छत्तीसगढ़ राज्य को विकास और सुशासन की दिशा में नए आयाम प्रदान करेंगे।





## 30 लाख के इनामी 8 नक्सलियों ने किया सरेंडर



**नारायणपुर,20 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में नक्लवाद के खिलाफ सरकार की नीति और जवानों की मेहनत रंग ला रही है. नक्सलवाद की राह छोड़कर नक्सली सरेंडर कर मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं. इसी कड़ी में नारायणपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. दो महिला समेत 8 माओवादियों ने आज एसपी रॉबिनसन गुड़िया के समक्ष आत्मसमपर्ण कर दिया. इन नक्सलियों पर 30 लाख रुपए का इनाम घोषित था. नक्सलवाद की विचारधारा से परेशान और सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर बुधवार (20 अगस्त – 2025) को DVCM डॉ. सुकलाल समेत 8 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया. इनमें 2 महिला नक्सली भी शामिल हैं. यह नक्सली अबूझमाड़ के कुतुल इलाके में सक्रीय थे. बता दें कि लगातार चल रहे ऑपरेशन और नक्सल विरोधी अभियान के बाद नक्सल संघठन में दबाव बढ़ते दिख रहा है.

### दिल्ली के 50 से अधिक स्कूलों को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी

**नईदिल्ली,20 अगस्त ।** दिल्ली के 32 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के 48 घंटे बाद फिर से 50 से अधिक स्कूलों को ईमेल के जरिए धमकी मिली है। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि मालवीय नगर स्थित एसकेवी हौज रानी और करोल बाग स्थित आंध्रा स्कूल समेत 50 स्कूलों को बुधवार सुबह अज्ञात ईमेल मिले हैं। सूचना के बाद बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉयड की टीम मौके पर पहुंच गई। परिसर खाली करा लिया गया है। धमकी की सूचना के बाद पुलिस ने स्कूल परिसर को खाली करा दिया.

## मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा




रायपुर. साय सरकार के मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। मंत्री गजेंद्र यादव को स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य विभाग सौंपा गया है। गुरु खुशवंत साहेब को कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, अनुसूचित जाति विकास विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं राजेश अग्रवाल को पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग सौंपा गया है। सीएम विष्णुदेव साय ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा है कि मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। सुस्पष्ट कार्य विभाजन एवं दायित्व के साथ मेरे कैबिनेट के सहयोगी नई ऊर्जा के साथ छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा करने तैयार हैं। सभी मंत्री प्रदेश की आकांक्षाओं को मूर्त रूप देने, हमारे संकल्पों की सिद्धि कर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने, विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में अपना योगदान देने समूची प्रतिबद्धता के साथ तैयार हैं।

| मंत्री का नाम | पद | विभाग |
|---|---|---|
| विष्णु देव साय | मुख्यमंत्री | सामान्य प्रशासन, खनिज साधन, ऊर्जा, जनसंपर्क, जल संसाधन, विमानन, सुशासन एवं अभिसरण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी, जन शिकायत एवं निवारण, अन्य विभाग जो किसी मंत्री को आबंटित न हो |
| अरुण साव | उप मुख्यमंत्री | लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय प्रशासन एवं विकास, खेल एवं युवा कल्याण |
| विजय शर्मा | उप मुख्यमंत्री | गृह, जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, विज्ञान और प्रौद्योगिकी |
| राम विचार नेताम | मंत्री | आदिम जाति विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी, मछली पालन, पशुधन विकास |
| दयाल दास बघेल | मंत्री | खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण |
| केदार कश्यप | मंत्री | वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता, संसदीय कार्य |
| लखन लाल देवांगन | मंत्री | वाणिज्य एवं उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम, वाणिज्यिक कर (आबकारी), श्रम |
| श्याम बिहारी जायसवाल | मंत्री | लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन |
| ओ.पी. चौधरी | मंत्री | वित्त, वाणिज्यिक कर (आबकारी को छोड़कर), आवास एवं पर्यावरण, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी |
| लक्ष्मी राजवाड़े | मंत्री | महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण |
| टंकराम वर्मा | मंत्री | राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास, उच्च शिक्षा |
| गजेन्द्र यादव | मंत्री | स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य |
| गुरु खुशवंत साहेब | मंत्री | कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, अनुसूचित जाति विकास |
| राजेश अग्रवाल | मंत्री | पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व |

## ऑनलाइन गेमिंग बिल संसद में पेश

**नई दिल्ली,20 अगस्त।** भारत के तेजी से बढ़ते ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर पर पाबंदी लगाने केंद्र सरकार ने सख्त कदम उठाया है। IT मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बुधवार, 20 अगस्त को संसद में ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक, 2025 पेश किया। इसके पास होते ही 3.7 अरब डॉलर की गेमिंग इंडस्ट्री पर ब्रेक लग सकता है। साथ ही ड्रीम11, विंज़ो, माई11सर्कल जैसे पॉपुलर गेम्स बंद हो सकते हैं। ऑल इंडिया गेमिंग फेडरेशन ने गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर विधेयक पर पुनर्विचार की मांग की है। संगठन ने कहा, इस पर पूर्ण प्रतिबंध से लाखों नौकरियां चली जाएंगी और करोड़ों खिलाड़ी अवैध जुए की लत में आ सकते हैं। AIGF ने यह भी कहा कि नया कानून ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े खिलाड़ियों को अवैध नेटवर्क की ओर धकेलेगा। बेहतर होगा कि सरकार प्रगतिशील विनियमन लाए। कानूनी विशेषज्ञों ने दावा किया कि प्रस्तावित कानून संविधान के अनुच्छेद 19(1)(g) (व्यवसाय करने का अधिकार) और



अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) का उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट ने भी माना है कि कौशल आधारित गेम्स जुआ नहीं हैं। ऑल इंडिया गेम पर प्रतिबंध से भारतीय खिलाड़ी सुरक्षित नहीं होंगे, बल्कि अवैध विदेशी ऑपरेटरों को बढ़ावा मिलेगा, जो पहले से ही राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं।

सभी वास्तविक-धन गेम्स चाहे वह कौशल आधारित हों या फिर संयोग आधारित प्रतिबंधित होंगे।

इनके विज्ञापनों पर भी पूर्णतः रोक लगा दी जाएगी। बैंक और वित्तीय संस्थान इन गेम्स से जुड़े लेन-देन नहीं कर पाएंगे और नियमों का उल्लंघन करने पर 3 साल तक की जेल और जुर्माना हो सकता है। केवल फ्री-टू-प्ले और सब्सक्रिप्शन आधारित गेम्स की इजाजत ही मिलेगी। भारत में पैसे-आधारित सभी ऑनलाइन गेम्स पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का मूल उद्देश्य उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। सरकार ने इसके लिए सख्त प्रावधान किए हैं। हालांकि, जीएसटी और कराधान विवादों पर कोई प्रावधान नहीं है। भारत में ऑनलाइन गेमिंग मार्केट करीब 3.7 अरब डॉलर का है। 2029 तक 9.1 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

## दिल्ली के दरियागंज में ढही इमारत, 3 मजदूरों की मौत

**नई दिल्ली,20 अगस्त।** दिल्ली के दरियागंज इलाके में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। सिटी वॉल (शहरी दीवार) से सटी हुई एक जर्जर इमारत का एक हिस्सा ढह गया, जिसके कारण 3 लोगों की मलबे में दबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। राहत बचाव का काम जारी है। दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) के एक अधिकारी ने हादसे की जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार दोपहर 12:14 बजे मिली, जिसके बाद दमकल की टीमों को मौके पर भेजा दया। अधिकारी ने बताया कि इमारत ग्राउंड फ्लोर और दो मंजिलों वाली थी। मीडिया रिपोर्ट्र्स के मुताबिक,



हादसे में जान गंवाने वाले तीनों व्यक्ति मजदूर हैं। उनकी पहचान जुबैर, गुलसागर और तौफीक के रूप में की गई है। यह हादसा सेंट्रल दिल्ली के दरियागंज में सद्भावना पार्क के पास हुआ है। दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल से 3 शवों को मलबे से बाहर निकाला गया है। उन शवों को दिल्ली के एलएनजेपी अस्पताल भेजा गया है।

## स्कूल में चाकूबाजी, 12वीं के छात्र को 9वीं के छात्रों ने मारा चाकू, दो घायल

**बिलासपुर,20 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में स्कूल के अंदर चाकूबाजी की घटना सामने आई है। दो छात्रों का गुट आपस में भिड़ गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि एक गुट के छात्रों ने दूसरे गुट के छात्रों पर चाकू से वार कर दिया। घटना में दो छात्र घायल हो गये, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना बिलासपुर के भारतमाता स्कूल की है। बीते मंगलवार की दोपहर तारबाहर थाना क्षेत्र के भारतमाता स्कूल में हाई स्कूल की कक्षाएं चल रही थी। छात्र पढ़ाई करने के लिए पहुंचे हुये थे। इसी बीच 12वीं कक्षा में पढ़ाई करने वाला छात्र आवेश मिर्जा स्कूल की गैलरी में खड़ा था। तभी उसके दोस्त ने किसी काम को लेकर उसे अपनी कक्षा में बुलाया। आवेश जैसे ही अपने दोस्त से मिलने के लिए स्कूल की पहली मंजिल में पहुंचा तो कक्षा के बाहर 9वीं कक्षा के आधा दर्जन छात्र खड़े थे। छात्रों ने पुरानी रंजिश को लेकर 12वीं कक्षा के छात्र आवेश मिर्जा से गाली गलौज करने लगे। छात्र ने विरोध किया तो सभी ने मिलकर उसकी पिटाई कर दी। इसी बची एक छात्र ने आवेश मिर्जा को चाकू मार दिया। वाद-विवाद होता देख शांत कराने आये आवेश के दोस्त को भी आरोपी छात्रों ने चाकू से हमला कर दिया।

### अहमदाबाद में 8वीं के छात्र ने 10वीं के छात्र की हत्या की

**अहमदाबाद ,20 अगस्त ।** गुजरात के अहमदाबाद में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक 8वीं के छात्र पर 10वीं के छात्र की चाकू मारकर हत्या करने का आरोप लगा है। घटना खोखरा स्थित सेवेंथ डे एडवेंटिस्ट स्कूल में मंगलवार को उस समय घटी, जब स्कूल की छुट्टी हुई थी।

## जनसुनवाई के दौरान दिल्ली की सीएम पर हमला

**नई दिल्ली,20 अगस्त।** दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता पर हमले का मामला सामने आया है। बुधवार को जनसुनवाई के दौरान एक शख्स ने सीएम पर अचानक से हमला कर दिया। दरअसल, बुधवार को सीएम रेखा गुप्ता सिविल लाइंस स्थित मुख्यमंत्री आवास पर जनसुनवाई कर रही थी। इसी दौरान यह घटना हुई। इसके बाद वहां अफरातफरी मच गई। पुलिस ने हमला करने वाले शख्स को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि अभी तक हमले के पीछे की वजह सामने नहीं आई है। पुलिस हमलावर से पूछताछ कर रही है। लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश वर्मा ने सीएम पर हुए हमले की निंदा करते हुए कहा कि उन्होंने कहा कि दिल्ली को एक ऐसी मुख्यमंत्री मिली है जो हर दिन अपने आवास पर जनसुनवाई कर रही है। वे इस दौरान रोजाना 1000-2000 लोगों से मिलती हैं। आज जो हुआ वह बेहद निंदनीय है। हमने सीएम से मुलाकात की। वो इस हमले से घायल हो गईं। आज सुबह वो आया और उसने सीएम पर हमला कर दिया। सीएम के हाथ, कंधे और सिर में चोटें हैं। डॉक्टर उनकी जांच कर रहे हैं। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि सीएम रेखा की हालत स्थिर है। हमलावर पिछले 24 घंटों से रेकी कर रहा था। वह उनके शालीमार बाग स्थित आवास पर भी गया था। उसने वहां वीडियो भी शूट किया था। इससे साफ है कि वह हमला करने के इरादे से आया था।

एक नजर



### डीजे संचालकों के खिलाफ कार्रवाई

**भिलाई, 20 अगस्त।** भिलाई तेज आवाज में डीजे बजाते दो थानों की पुलिस ने कार्रवाई कर 3 नग डीजे समेत वाहन बरामद किया है। पुलिस ने मामले में धारा कोलाहल अधिनियम की धारा 15, एवं 66/192 एम व्ही एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि संजय नगर कृष्णा डेयरी के पास दही हांडी लूट कार्यक्रम चल रहा था इसे चेक करने पर डीजे संचालक टिकेश्वर कुमार साहू (36 साल ) निवासी आर्य नगर कोहका दुर्गा मंदिर के पास सुपेला ने बिना अनुमति लिये डीजे को वाहन में बजा रहा था इसी प्रकार थाना जामुल क्षेत्रान्तर्गत हाउसिंग बोर्ड एवं दुर्गा मंदिर जामुल में मटकी फोड़ के दौरान राजकुमार वर्मा निवासी शीतला मंदिर के पास छावनी एवं नूर मोहम्मद निवासी कैम्प - 2 नियम के विरुद्ध कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की है ।

### चाकू से डरा रहा था, गिरफ्तार



**भिलाई, 20 अगस्त।** भिलाई शासकीय स्कूल ढांचा भवन के पास हथियार लेकर गुंडागर्दी करने वाले युवक को जामुल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जामुल थाने पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक धारदार हथियार जब्त किया है जामुल टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि ढांचा भवन का रहने वाला सोहेल खान उर्फ खलनायक नामक युवक शासकीय स्कूल के बगल मैदान के पास अवैध रूप से धारदार हथियार चाकू लेकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका कर लहरा रहा है सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर संदेही सोहेल खान उर्फ खलनायक को घेराबंदी कर पकड़ा गया आरोपी के कब्जे से धारदार हथियार चाकू जब्त किया है ।

### स्टंट करने वाला युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 20 अगस्त।** भिलाई बुलेट के फ्यूल टैंक में युवती को बिठाकर खतरनाक ढंग से स्टंट करना एक युवक को महंगा पड़ गया सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद भिलाई नगर थाना पुलिस ने युवक के खिलाफ धारा 184,129,194 (डी) के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया है पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था इसमें हरे रंग की बुलेट को तेज गति व लापरवाहीपूर्वक खतरनाक तरीके से चलाने एवं बुलेट के पेट्रोल टंकी पर युवक एक युवती को बिठाकर उतावलापूर्वक ले जा रहा था। घटना के वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए थाना भिलाई नगर पुलिस ने तत्काल एक्शन लिया युवक की पहचान मनीष (21 साल) निवासी सेक्टर - 6 के रूप में की। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की है।

### डिजिटल क्रॉप सर्वे की जानकारी लेने कलेक्टर पहुंचे खेतों में



**दुर्ग, 20 अगस्त ।** शासन के निर्देशों के तहत जिले में खरीफ फसलों का डिजिटल क्रॉप सर्वे सर्वेयर के माध्यम से किया जा रहा है। उक्त सर्वे की अद्यतन जानकारी लेने कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह आज खेतों में पहुंचे। उन्होंने दुर्ग तहसील के ग्राम नगपुरा ओर बोरी तहसील के ग्राम नवागांव में सर्वेयर के द्वारा किए जा रहे डिजिटल क्रॉप सर्वे का मौका मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने सर्वे के संबंध में अधिकारियों एवं सर्वेयर से जानकारी ली।

कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग श्री हरवंश सिंह मिरी, अनुविभागीय अधिकारी धमधा श्री सोनल डेविड, तहसीलदार दुर्ग श्री प्रफुल्ल गुप्ता, तहसीलदार बोरी श्री तारसिंह खरे, अतिरिक्त तहसीलदार श्री हुलेश्वर खुटे, संबंधित राजस्व निरीक्षक, ग्राम कोटवार, कृषकगण एवं सर्वेयर उपस्थित थे।

### निगम ने फिर चार बकायादारों के नल कनेक्शन काटे, बकायादारों में मची खलबली

**दुर्ग,20 अगस्त।** नगर पालिक निगम दुर्ग राजस्व वसूली को लेकर लगातार सख्ती दिखा रहा है। आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर मंगलवार को राजस्व विभाग की टीम ने बड़े बकायादारों पर शिकंजा कसते हुए कार्रवाई की। टीम ने चार ऐसे घरों के नल कनेक्शन काट दिए जिन्होंने वर्षों से टैक्स जमा नहीं किया था।इस कार्रवाई के दौरान निगम की टीम वार्ड 2 राजीव नगर, वार्ड 5 मरार पारा, वार्ड 6 ठेठवार पारा और वार्ड 42 कसारीडीह क्षेत्र पहुँची। टीम ने मौके पर जाकर बकाया करदाताओं को अंतिम चेतावनी देने के बाद उनके नल कनेक्शन काट दिए।

पचास करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी का खुलासा

# करोड़ों की ठगी करने वाले तीन मास्टरमाइंड गिरफ्तार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 20 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह आईपीएस के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी कृष्ण कुमार चंद्राकर के पर्यवेक्षण में थाना कवर्धा पुलिस ने ठगी के बड़े गिरोह का पर्दाफाश कर तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दिनांक 30.10. 2024 को प्रार्थी शिव सोनी निवासी कवर्धा ने थाना कवर्धा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कंग नामक कम्पनी के संचालक धर्मेश धुर्वे पिता नारायण प्रसाद धुर्वे उम्र 35 वर्ष यतीन्द्र धुर्वे पिता नारायण प्रसाद धुर्वे उम्र 29 वर्ष एवं नारायण प्रसाद धुर्वे पिता स्व. लखनलाल धुर्वे उम्र 56 वर्ष सभी निवासी वार्ड क्रमांक 11ए मठपाराए कवर्धा ने 10 प्रतिशत प्रतिमाह लाभांश और एक वर्ष बाद मूल राशि लौटाने का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी की। इस पर थाना कवर्धा में अपराध क्रमांक 672.2024 धारा 420.34 भादवि के तहत अपराध दर्ज किया गया।लगातार कई दिनों की मेहनतए दस्तावेजी साक्ष्यों की जांच और विभिन्न जिलों में दबिश देने के बाद आरोपियों को आज दिनांक 19.08.2025 को धरदबोचा गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों के ठिकानों से महत्वपूर्ण दस्तावेज और ठगी की रकम से खरीदी गई संपत्तियों के सबूत भी जब्त किए।अब तक की जांच में यह सामने आया है कि आरोपियों ने केवल कबीरधाम जिले में ही लगभग 1 करोड़ 39 लाख रुपये की ठगी की है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के बिलासपुर सहित अन्य जिलों में इनके खिलाफ कुल लगभग 50 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी के मामले सामने आए हैं। आरोपियों ने ठगी की रकम से बिलासपुर में 57 लाख रुपये की जमीनए कवर्धा में 1 करोड़ 10 लाख रुपये की भूमिए और टाटा हैरियर व अर्टिगा जैसी लग्ज़री गाड़ियाँ खरीदीं।पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह आईपीएस ने कहा आर्थिक अपराधियों के लिए छत्तीसगढ़ की धरती सुरक्षित नहीं है। निवेशकों को लूटने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजने का अनुरोध किया गया जा रहा है। कबीरधाम पुलिस की टीम ने कई जिलों में लगातार दबिश दीए बैंक ट्रांजेक्शन खंगाले और सबूतों को एक.एक कर जोड़ाए जिसके बाद यह बड़ी कार्रवाई संभव हो पाई। संपूर्ण कार्यवाही में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक लालजी सिन्हा, थाना पांडातराई प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, साइबर प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा सुरेश जायसवाल, कौशल साहू, दर्शन साहू, संजीव साहूए प्रधान आरक्षक चुम्मन साहू, अभिनव तिवारीए वैभव कल्चुरी, बालेश धुर्वे, आरक्षक लेखा चंद्रवंशी, संदीप शुक्ला, अमित ठाकुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पंजाबी एसोसिएशन ने मनाई जन्माष्टमी



**भिलाई, 20 अगस्त।** पंचशील पंजाबी एसोसिएशन द्वारा पंजाबी पैलेस के प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ जन्माष्टमी समारोह मनाया गया । इस अवसर पर सांसद विजय बघेल का स्वागत सभा के अध्यक्ष कैलाश मल्होत्रा और मुख्य संजोयक अजय भसीन ने अपनी टीम के साथ किया। सांसद द्वारा कृष्ण वंदना हुई, तत्पश्चात रास लीला का आयोजन किया गया । रास लीला की प्रस्तुति वृंदावन से आये कलाकारों द्वारा प्रस्तुत हुई, जिसका आनंद समाज के सदस्यों ने सपरिवार लिया । प्रांगण का माहौल इतना कृष्ण राधा मय हुआ कि उपस्थित जन कलाकारों के साथ झूम उठे और फूलों की होली खेली गई । अजय भसीन ने नई कार्यकारिणी के सदस्यों का परिचय करवाया । कैलाश मल्होत्रा ने जन्माष्टमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सभा में उपस्थित लोगों का अभिवादन किया और कार्यकारिणी के हर सदस्य ने जो सहयोग दिया उसकी सहारना की। इस अवसर पर जितेंद्र उप्पल, सामान्य सचिव ने धन्यवाद ज्ञापित किया और सीनियर सदस्यों से कलाकारों का सम्मान किया गया। उक्ताशय की जानकारी जितेंद्र उप्पल ने विज्ञप्ति के माध्यम से दी ।

# महिला से लूटपाट,तीन आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 20 अगस्त।** भिलाई डायलिसिस कराने के बाद अस्पताल से घर लौटी रेलवे कर्मचारी की पत्नी से मारपीट कर पर्स में रखे पांच सौ रुपए की लूटपाट करने वाले तीन आरोपियों को जीआरपी पुलिस ने गिरफ्तार किया है भिलाई-3 रेलवे कालोनी में 17 अगस्त की रात को पेश आए इस मामले में एक आरोपी फरार है पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 309 (6), 3 (5) बीएनएस के तहत कार्रवाई कर पकड़े गए तीनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर केन्द्रीय जेल दुर्ग भेज दिया है भिलाई-3 जीआरपी टीआई राजकुमार बोर्झा ने बताया कि प्रार्थिया कुमुद पटेल पति योगेन्द्र पटेल (41साल ) निवासी क्वार्टर नं. 30 बी रेलवे कालोनी भिलाई-3 ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 17 अगस्त को अपना डायलिसिस कराने के लिए मित्तल हॉस्पिटल गयी थी। वहां से अपने भाई आकाश श्रीवास्तव के साथ रात्रि 10 बजे वापस अपने घर रेलवे कालोनी पहुंची थी। उसी दौरान घर के सामने चार युवक अचानक आये और कुमुद पटेल के काले रंग के बैग को छीन लिया। बैग में पांच सौ रुपए और डायलिसिस पर्ची थी। कुमुद पटेल के चिल्लाने पर लोहे के रॉड से मारपीट करने लगे। इससे सिर पर चोट आयी। बीच बचाव के लिए भाई आकाश श्रीवास्तव के आने पर उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की। आसपास के लोगों के आने पर चारों आरोपी एक मोटर साइकिल छोड़कर फरार हो गये रायपुर रेल एसपी श्रीमती श्वेता सिन्हा एवं रेल डीएसपी एसएन अख्तर के निर्देशन में के नेतृत्व में गठित टीम ने मोटर साइकिल के निशानदेही पर आरोपी भूपेन्द्र कुमार भारद्वाज (35 साल ) निवासी इबरान आटा चक्की के पास गांधी नगर भिलाई-3, अखिलेश गुप्ता उर्फ राजा गुप्ता (27 साल ) निवासी गांधी नगर वार्ड वार्ड नं. 13 भिलाई-3 और दुष्यंत दास उर्फ बब्बू (24 साल ) निवासी रेलवे क्वार्टर नं. 101 भिलाई-3 को पकड़ा पूछताछ करने पर पांच सौ रुपए को खाने पीने में खर्च करना और पर्स एवं लोहे के रॉड को नाले के पास फेंक देना बताया। घटना स्थल से बरामद मोटर साइकिल को जब्त कर लिया है। वहीं मामले का फरार आरोपी देवाशीष नेहरू नगर भिलाई-3 का रहने वाला है पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

# बच्चों को पौष्टिक आहार मिल रहा या नहीं इस पर दें ध्यानःमहापौर



**रिसाली।** रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा की। महापौर ने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को पौष्टिक आहार और गर्म भोजन नियमित दिया जा रहा है कि नहीं इस बात की पुष्टि निगम के विभागीय अधिकारी अनिवार्य रूप से करें। इस अवसर पर महापौर परिषद की विभागीय सदस्य रंजीता बेनुआ और स्वास्थ्य विभाग प्रभारी संजू नेताम उपस्थित रहे। महापौर और महिला एवं बाल विकास विभाग तथा आजीविका मिशन प्रभारी रंजीता बेनुआ ने विभाग की समीक्षा की। महापौर ने सबसे पहले महिला एवं बाल विकास विभाग में पदस्थ कर्मचारियों और किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। बाद में उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के भीतर आंगनबाड़ी की स्थिति और बच्चों की संख्यात्मक जानकारी केन्द्रवार एकत्रित किया जाए। इसके अलावा महापौर ने शासन द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर भी चर्चा की। महापौर ने महिला एवं बाल विकास विभाग प्रभारी अधिकारी शैलेष साव को निर्देश दिए कि

# पौधे लगाने महिला स्व-सहायता समूहों की निकाली गई लॉटरी



**भिलाई, 20 अगस्त।** केन्द्र सरकार की अमृत मित्र 2.0 अंतर्गत वूमन फार ट्री योजना का शुभारंभ किया गया है। इस योजना के तहत स्थानीय महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से उद्यानों एवं रिक्त स्थानों में वृहद वृक्षारोपण किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई में कुल 40 उद्यानों के लिए रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित किया गया था। जिसमें से 36 उद्यानों के लिए महिला स्व-सहायता समूहों से ऑफर प्राप्त हुआ था, जिनका कार्यादेश जारी कर वृक्षारोपण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। शेष 4 उद्यानों के लिए पुनः रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित किया गया। जिसमें 30 महिला स्व-सहायता समूहों ने अपने ऑफर प्रस्तुत किए हैं, जिनकी लाटरी निकाली गयी। लाटरी में जोन क्र. 01 वार्ड क्र. 04 नेहरू नगर वेस्ट सीएसईबी उद्यान सांई महिला स्व-सहायता समूह, वार्ड क्र. 04 प्रियदर्शिनी काम्पलेक्स वेस्ट कृष्णा उद्यान दीप महिला स्व-सहायता समूह, जोन क्र. 05 वार्ड क्र. 61 सेक्टर 06 रोड नंबर 21 एवं 23 रूई मार्केट के पास उद्यान सशक्त महिला स्व-सहायता समूह एवं वार्ड क्र. 70 न्यू एमआईजी-1 सुभाष उद्यान तुलसी महिला स्व-सहायता समूह को प्राप्त हुआ है। इनको जल्द ही कार्यादेश जारी कर कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। जिससे शहर की हरियाली एवं प्रदूषण मुक्त वातावरण बनाए रखने में मदद मिलेगी।

### नवीन कानून क्रियान्वयन पर समन्वय बैठक

**धमतरी, 20 अगस्त ।** कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आज नारको को-ऑर्डिनेशन सेंटर (छब्व्क), सड़क सुरक्षा, नशा मुक्त भारत अभियान, पशु क्रूरता निवारण तथा नवीन कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने की। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर द्वय श्रीमती रीता यादव, श्रीमती इंदिरा देवहारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मणिशंकर चंद्रा, डीएसपी सुश्री मीना साहू, मोनिका मरावी उपस्थित थे।



## महापौर शशि सिन्हा ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

**रिसाली।** रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने वार्ड 7 रिसाली सेक्टर पूर्व में विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। यहां पार्षद निधि से सीमेंटीकरण कार्य होना प्रस्तावित है। महापौर ने इस अवसर पर कहा कि संयत्र ने तीन दशक पहले आवास निर्माण कराया है। वर्तमान में आवास जर्जर हो चुका है और बारिश के मामूली पानी से घर के सामने कीचड़ हो जाता है। सीमेंटीकरण कार्य से नागरिकों को सुविधा मिलेगी। भूमिपूजन अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद संजू नेताम, एमआईसी जहीर अब्बास, अनील देशमुख, जमुना ठाकुर समेत बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# हर जिले में रजत महोत्सव का आयोजन होःमुख्यमंत्री



**दुर्ग, 20 अगस्त ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी संभागायुक्तों एवं कलेक्टरों की समीक्षा बैठक ली। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन, लोक निर्माण विभाग की सड़कों हेतु भू-अर्जन प्रकरणों, राजस्व विभाग के ई-कोर्ट न्यायालयों में प्रकरणों का त्वरित निराकरण, एग्रीस्टेक के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन एवं किसान आईडी निर्माण तथा खरीफ फसलों का डिजिटल फसल सर्वेक्षण 15 अगस्त से 30 सितम्बर तक पूर्ण करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की।वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के आयोजन के संबंध में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रत्येक जिले में रजत महोत्सव को गरिमामय और जनसहभागिता के साथ आयोजित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार करते हुए प्रत्येक विभाग द्वारा एक-एक सप्ताह स्थानीय त्यौहार एवं विशेष अवसरों पर कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। इसी क्रम में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक 'सेवा पखवाड़ा' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जो रजत जयंती समारोह का ही एक महत्वपूर्ण भाग होगा।

राजस्व विभाग के अंतर्गत संचालित ई-कोर्ट प्रणाली पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के कलेक्टरों से कहा कि लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण किया जाए। इससे न केवल आम नागरिकों को राहत मिलेगी, बल्कि न्याय प्रक्रिया में पारदर्शिता और गति भी आएगी। साथ ही उन्होंने संभागीय आयुक्त न्यायालयों में न्यायालयीन प्रकरणों का भी शीघ्र निराकरण करने को कहा। इस दौरान कृषि विभाग की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ एग्रीस्टेक प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए और उनकी किसान आईडी बनाई जाए, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे मिल सके। कोई भी किसान इससे वंचित न हो इसका विशेष ध्यान रखे।मुख्यमंत्री ने डिजिटल फसल सर्वेक्षण अभियान पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कलेक्टरों से कहा कि यह सर्वेक्षण 15 अगस्त से आरंभ कर 30 सितम्बर 2025 तक पूर्ण किया जाए। सर्वेक्षण का कार्य सटीक, पारदर्शी और समयबद्ध होना चाहिए। जिससे भविष्य में किसानों को फसल बीमा, मुआवजा और अन्य योजनाओं का लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने सभी संभागायुक्तों एवं कलेक्टरों से कहा कि विकास कार्य और जनसेवा से जुड़े कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरे किए जाएं।

# स्कूल के न्योता भोज में कलेक्टर ने बच्चों संग बैठकर किया भोजन




**धमतरी, 20 अगस्त।** धमतरी जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुद्री में आज आयोजित न्योता भोज के दौरान मानवीय और प्रेरक दृश्य देखने को मिले। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा और अध्यक्ष जिला पंचायत श्री अरुण सर्वा ने स्वयं स्कूली बच्चों को भोजन परोसा और बाद में उनके साथ जमीन पर बैठकर भोजन ग्रहण किया।

भोजन के दौरान कलेक्टर ने बच्चों से आत्मीय बातचीत की। बच्चों ने भी कलेक्टर को अपने बीच पाकर उन्हें परिवार के मुखिया की तरह महसूस किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि ÷आप सभी को खूब मन लगाकर पढ़ना है और ऊँचे मुकाम पर पहुँचना है।'जनपद सदस्य श्रीमती अनिता एवं शाला विकास समिति अध्यक्ष श्री मुकेश यादव द्वारा अपने पुत्र विवेक यादव के जन्मदिन पर न्योता भोज का आयोजन किया गया था। कलेक्टर श्री मिश्रा ने विवेक को जन्मदिन की शुभकामनाएँ भी दी।समुदाय की सहभागिता से नई पहलमालूम हो कि छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत विद्यार्थियों को गर्म और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने में सामुदायिक भागीदारी से नई परंपरा की शुरुआत हुई है। इसे 'न्योता भोजन' नाम से लागू किया गया है। यह भारतीय संस्कृति की सामूहिकता और परोपकार की परंपरा का जीवंत उदाहरण है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने अपने गृहग्राम बगिया से इस कार्यक्रम की शुरुआत की थी। उनकी इस पहल ने अब जनआंदोलन का रूप ले लिया है। यह निरंतर जारी है।

# गिरते भूजल स्तर को बचाने रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना अनिवार्यः आयुक्त




**भिलाई, 20 अगस्त।** नगर निगम के मुख्य कार्यालय सभागार में नशा मुक्ति, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम एवं स्वच्छता को लेकर कार्यशाला का आयोजन आयुक्त राजीव कुमार पांडेय की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला में प्रमुख रूप से स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, विशिष्ठ अतिथि के रूप में डाक्टर मोहनीश भगत एवं नर्सिंग की छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यशाला में डॉ मोहनीश भगत ने एल्कोहल एवं तंबाकू से होने वाले क्रॉनिक बीमारी के बारे में बताया। इससे मानवीय स्थिति पूरी तरह खराब हो जाती है। सुबह से शराब की लत वाले या प्रतिदिन शराब पीने से शरीर को बहुत नुकसान होता है। शराब एवं तंबाकू से नुकसान ब्रेन डैमेज, हार्ट कैंसर, लीवर कैंसर, आंत का कैंसर, पेट का कैंसर, मुंह का कैंसर एवं गले का कैंसर होता है। पुरुषों एवं महिलाओं में शराब पीने का प्रचलन आम होता जा रहा है इससे महिलाओं के गर्भधारण के दौरान समस्या हो रही है। अगर बच्चा हुआ तो बच्चों में चाइल्ड सिंड्रोम या मानसिक बीमारी होने का खतरा रहता है। आयुक्त पाण्डेय ने बताया कि मानव खुशी पाने के चक्कर में नशे का सेवन करता है। यदि कोई दूसरा व्यक्ति नशे की ओर खींच रहा है तो स्वयं को वहां से दूर करना है। उनके बहकावे में नहीं आना है और उनके पीछे नहीं जाना है। जो व्यक्ति छोटा नशा करता है, वह नशा करने के लिए पैसा नहीं होने पर चोरी का रास्ता अपनाता है। भगवान हर व्यक्ति को कुछ अच्छा करने भेजा है, किन्तु वह अपने जीवन को व्यर्थ में बबार्द कर रहा है। नशा स्वयं के साथ पूरे परिवार को खत्म कर देता है। आयुक्त पाण्डेय ने बताया कि गिरते भूजल स्तर को बचाने एवं वर्षा जल संरक्षण के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य है। बरसात के समय छतों के पानी को संचय करना ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम है। शहर का वाटर लेवल नीचे जा रहा है, जिसको सुधारना अति आवश्यक है। भविष्य में पानी की समस्या होने से अच्छा है हम सबको मिलकर अभी से पानी को संरक्षण कर बचा लेना है। इसलिए अधिक से अधिक संख्या में घर, होटल, अस्पताल, सार्वजनिक भवनो में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाकर पानी बचाएं। स्वच्छता सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट 2016 से प्रारंभ किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य है संग्रहण, परिवहन, उपचार/निपटान एवं प्रसंस्करण करना है। इसके माध्यम से घरो एवं व्यावसायिक परिसर से निकलने वाले गीला कचरा की छटाई कर 45 दिन में खाद बनाया जाता है। जो फसलों एवं उद्यानों में उपयोग किया जा रहा है। जबकि सॉलिड वेस्ट प्लास्टिक (झिल्ली, पन्नी) का कोई निपटान नहीं है, इसलिए प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना चाहिए। इसका किसी भी स्थिति में निपटान नहीं किया जा सकता है। कार्यशाला के दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, अंकित सक्सेना, बीरेन्द्र बंजारे, हेमंत मांझी, पीआईयू सुभम पाटनी, युक्ति देवांगन आदि उपस्थित रहे।

### खाद के लिये चक्कर काट रहे किसान सोसायटियों के गोदाम खाली

**रायपुर ।** ऐन वक्त पर किसानों को डी ए पी और यूरिया खाद नहीं मिल पा रहा है । किसान सोसायटियों के चक्कर काट रहे पर गोदाम खाली पड़ा है । यह हाल केन्द्रीय सहकारी बैंक रायपुर के शाखा चंदखुरी के अंतर्गत आने वाले 6 सोसायटियों का है ।

किसानों की शिकायत पर किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा द्वारा सोसायटियों से संपर्क साधने पर जानकारी मिली कि आबंटित खाद के लिये डी ओ काटा जा चुका है पर गोदाम तक खाद नहीं पहुंचा है । खाद पहुंचते ही किसानों को खाद वितरित कर दिया जावेगा । इस शाखा बैंक के अधीन 6 सोसायटी खौली , नगपुरा , नरदहा , पचेड़ा , नारा व मुनरैठी आता है ।

## एक नजर

### अमृत सरोवर स्थलों पर किया गया ध्वजारोहण



**बलौदाबाजार, 20 अगस्त।** 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के 86 अमृत सरोवर स्थलों पर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर वृक्षारोपण, स्वच्छता, तिरंगा यात्रा,जल संचयन एवं जल संरक्षण के महत्ता एवं स्कूलों में निबंध और चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि मिशन अमृत सरोवर की शुरुआत 24 अप्रैल 2022 को की गई है, जिसका उद्देश्य भावी पीढ़ी के लिए जल संचयन एवं संरक्षण करना है।इसके तहत कम से कम 1 एकड़ का तालाब क्षेत्र होगा, जिसकी जल धारण क्षमता लगभग 10,000 क्यूबिक मीटर होगी।हर अमृत सरोवर नीम, पीपल और बरगद आदि पेड़ों से घिरा होगा।यह सिंचाई, मत्स्य पालन, बत्तख पालन, सिंघाड़े की खेती, जल पर्यटन और अन्य गतिविधियों के लिए पानी का उपयोग करके आजीविका का स्रोत होगा। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी, स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### अवैध महुआ शराब एवं लाहन जब्त



**बलौदाबाजार, 20 अगस्त।** आबकारी एवं पुलिस की टीम द्वारा अवैध महुआ शराब पर कार्यवाही करते हुए 69 बल्क लीटर अवैध महुआ शराब एवं 1320 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। साथ ही आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। जिला आबकारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबह तड़के लगभग 5 बजे सबरिया डेरा थाना गिधौरी में आबकारी विभाग एवं जिला पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से दबिश दी गई।आरोपी राजा गौड़ पिता महावीर उम्र 18 वर्ष पता बलौदा को सबरिया डेरा में महुआ शराब बनाने की फैक्ट्री का अवैध रूप से संचालन करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।आरोपी के पास से 56 बल्क लीटर अवैध महुआ शराब एवं बड़ी मात्रा में शराब बनाने के लिए तैयार महुआ लाहन जिसकी मात्रा लगभग 1000किलोग्राम थी, बरामद किया गया। मदिरा बिक्री से प्राप्त राशि एक हजार भी बरामद कर आबकारी अधिनियम की धारा 34..1(बी )(एफ )/ 34(2)/59(ए) अंतर्गत अजमानतीय अपराध में प्रकरण दर्ज कर आरोपी राजा गौड़ को न्यायिक रिमांड पर लिया गया ।एक अन्य प्रकरण में जोंक नदी किनारे 13 बल्क लीटर अवैध महुआ शराब एवं 320 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया है। कार्यवाही में सहायक जिला आबकरी अधिकारी जलेश सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक पी माधव राव जिला आबकारी स्टाफ एवं कसडोल पुलिस शामिल थे।

### छात्राओं को दी गई बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की जानकारी

**राजनांदगांव 20 अगस्त।** भारत सरकार की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) द्वारा बालिका एवं महिलाओं को सुरक्षित, सक्षम और सशक्त बनाने एवं सामाजिक, आर्थिक सशक्तिकरण, सुरक्षा और संरक्षण को बढ़ावा देने परियोजना राजनांदगांव ग्रामीण-2 अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरडुवा में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में



छात्राओं द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, महिला हेल्प लाइन 181, स्पॉन्सरशिप योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर, स्नेह सर्वोदय बालिका गृह, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, लैंगिक उत्पीडन्, कार्य स्थल में लैंगिक उत्पीडन्, सखी वन स्टॉप सेंटर, साइबर बुलिंग, आईटी एक्ट, भारतीय न्याय संहिता 2023, साइबर ग्रुमिंग, सोशल मीडिया में होने वाले समस्या, यौन शोषण, लैंगिक उत्पीडन्, चाइल्ड पोर्नोग्राफी, फर्जी डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल, शेयर मार्केट, ट्रेडिंग, फर्जी वीडियो कॉल, फर्जी आईडी से फ्रेंडशिप फेसबुक या इंस्टा, साइबर स्टाकिंग, एपीके एप्प, वर्क फॉर्म होम, ऑनलाइन जॉब, सोशल मीडिया में प्राइवेट, ऑन लाइन ठगी, साइबर क्राइम का नेशनल हेल्प लाइन नंबर 1930 विषय पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के राजनांदगांव ग्रामीण-2 की परियोजना अधिकारी विमला शर्मा, सुपरवाइजर अंजू प्रभा ठाकुर, इंदु कपूर टंडन, अर्चना ध्रुव, दिशा शिंदे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, जिला मिशन शक्ति से जिला मिशन समन्वयक किशोर माहेश्वरी, जेंडर विशेषज्ञ, नवा विहान से महिला संरक्षण अधिकारी विद्या मिश्रा, विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# वन विभाग के अधिकारियों की देखरेख में करोड़ों का भ्रष्टाचार

## मामला 2022-23 में धमतरी वनमंडल के नगरी परिक्षेत्र में स्टापडैम निर्माण का मामला

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी, 20 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनाई है, जिसके तहत दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। अपने सख्त रवैए से मुख्यमंत्री ने एहसास दिला दिया है कि अब किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।भ्रष्टाचार और अनियमितताएं विकास के मार्ग में सबसे बड़ा अवरोध होती हैं। दरअसल वित्तीय वर्ष 2022-23 में कैंपा मद से नरवा विकास योजना के तहत वन परिक्षेत्र नगरी में भालू पानी नाला और गज कन्हार में करोड़ों रुपए की लागत



से स्टाप डेम बनाया गया था, इसके निर्माण में भारी अनियमितता बरती गई, निर्माण कार्य में मानकों की पूरी तरह से अनदेखी की गई। ठेकेदार के द्वारा मनमाने तरीके से काम किया गया,और विभाग के जिम्मेदार अधिकारी आंखे बंद कर बैठे रहे। उच्च अधिकारियों की उदासीनता से ठेकेदार को खुली छूट मिल गई, जिसके चलते स्टापडेम पहली ही बारिश में ही टूट कर बह गया, और यह निर्माण कार्य पूरी तरह से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। जबकि भ्रष्टाचार उजागर होने के बाद भी एसडीओ और रेंजर आज भी अपने पद पर कार्यालय में जमे हुए हैं।

इसके अलावा धमतरी वनमंडल के अंतर्गत कैंपा मद से वर्ष 22-23 में जितने भी कार्य हुए हैं जैसे मुख्य रूप से सड़कें, चेक डैम, तालाब, और वन्यजीवों के लिए पानी के स्त्रोत का निर्माण इसके अतिरिक्त, जानवरों के चारे के लिए पेड़ लगाना, वन्यजीवों के लिए आवास बनाना, और जंगलों की सुरक्षा के लिए बाड़ लगाना जैसे कार्यों की उच्च स्तरीय जांच होगी तो सुनियोजित रूप से बड़े पैमाने पर किए गए भ्रष्टाचार का खुलासा हो जाएगा। वन विभाग में करोड़ों का घोटाला सामने आने के बाद विभाग के अफसर के द्वारा इस कार्य पर लीपापोती किया गया है, इसके बावजूद स्टाप डेम में भ्रष्टाचार होने का स्पष्ट प्रमाण दिखाई दे रहा है। जिसके जिम्मेदार तत्कालीन डीएफओ वर्तमान एसडीओ और रेंजर है। इन अधिकारियों की मिलीभगत से शासन को करोड़ों की छति हुई है। जिसकी भरपाई अधिकारियों से रिकवरी कर किया जा सकता है।

**अधिकारी मिडिया को जानकारी नहीं देते**

छत्तीसगढ़ के संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा सुशासन तिहार के दौरान स्पष्ट किया है कि शासकीय योजनाओं में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन में पारदर्शीता के साथ काम करने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित करते कहा है कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में पारदर्शिता, जवाबदेही और ईमानदारी सर्वोपरि है।÷लेकिन नगरी में वन विभाग के एसडीओ और रेंजर मुख्यमंत्री के निर्देश को नजरंदाज कर मनमानी पूर्वक जंगल के अंदर होने वाले शासकीय कार्यों को गुपचुप तरीका से कराया जाता है, जब मीडिया वालों के द्वारा जानकारी मांगा जाता है तो किसी भी तरह कि जानकारी देने से इंकार किया जाता है, इससे यही प्रतीत होता है कि अधिकारी के द्वारा अपने भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए जानकारी नहीं दिया जाता है।

# कांग्रेस आज वैचारिक संकट से जूझ रही है : भाजपा

**रायपुर. 20 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता शिवनारायण पाण्डेय ने पटना में चल रही इंडी गठबंधन की यात्रा के परिप्रेक्ष्य में कहा है कि आज देशभर में कांग्रेस वोट चोरी का झूठा नैरेटिव चला रही है और बिहार की यात्रा से प्रेरणा लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज समेत तमाम कांग्रेस नेता छत्तीसगढ़ में भी यही झूठा नैरेटिव चलाकर प्रदेश को भ्रमित और अशांत करके अराजकता फैलाने में जुट गए हैं। श्री पाण्डेय ने मंगलवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि झूठा नैरेटिव चला रहा कांग्रेसनीत इंडी गठबंधन केवल एक समझौतापरस्त औपचारिक गठबंधन है जो अपने हितों के लिए समय-समय पर वैचारिक मतभेद के बीच एकजुट होने की नाकाम कोशिश करते हैं।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री पाण्डेय ने कहा कि आज कांग्रेस वैचारिक संकट से जूझ रही है। जो देश को अपने स्वार्थ के लिए तोड़कर शासक बने थे, उनके वंशज आज किस यात्रा की बात कर रहे हैं? गांधी परिवार की किसी भी यात्रा, चाहे वह निजी ही क्यों न हो, उसमें कांग्रेसियों का जाना अनिवार्य होता है। जब तक उस यात्रा में उनकी सहभागिता नहीं होती, उनकी सक्रियता पर ही प्रश्नचिह्न लग जाता है। श्री पाण्डेय ने कहा कि पार्लियामेंट में भी फ्लेक्स लेकर जिस तरह का राजनीतिक आचरण कर रहा है, वह बताता है कि सत्ता की लालसा में कांग्रेस और इंडी गठबंधन किस कदर परेशान है!

# व्यापारियों की समस्याओं को जीएसटी आयुक्त ने ध्यानपूर्वक सुना

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 20 अगस्त।** आज दिनांक 19 अगस्त 2025 को छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी जी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने आज जीएसटी आयुक्त पुष्पेन्द्र कुमार मीणा से मुलाकात की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से संबंधित विभिन्न समस्याओं से अवगत कराना था। प्रतिनिधिमंडल ने जीएसटी के तहत व्यापारियों को आ रही परेशानियों को विस्तार से आयुक्त के समक्ष रखा। इन समस्याओं में जीएसटी रिटर्न फाइलिंग की जटिलताएं, रिफंड मिलने में देरी, और अधिकारियों द्वारा जांच से जुड़ी दिक्कतें शामिल हैं। चेम्बर संरक्षक श्रीचन्द सुन्दरानी ने कहा कि किसी अधिकारी ने व्यापारी के साथ गलत कार्यवाही की तो उस अधिकारी को क्यों नहीं दंडित किया जाता है। अगर व्यापारी से कोई गलती हो गई तब उन पर तत्काल कार्यवाही कर दंडित किया जाता है। आज



व्यापारी जीएसटी को दहशत के रूप में देख रहा है, व्यापारी जीएसटी के नाम से सहम जाता है। फिर भी वर्तमान में प्रदेश के व्यापारियों से जीएसटी कलेक्शन छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा हो रहा है। चेंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, छत्तीसगढ़ जीएसटी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा एवं महासचिव शिव सोनी, छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी ने सुझाव दिया कि व्यापारियों की समस्याओं को सुलझाने हेतु प्रत्येक जिले में हेल्प डेस्क बनाया जाये जिसे जीएसटी आयुक्त श्री पुष्पेन्द्र कमार मीणा ने मान्य किया।

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव में सभी विभागों की होनी चाहिए सक्रिय सहभागिता : कलेक्टर

**राजनांदगांव 20 अगस्त।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव मनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन तीन चरणों में होगा। उन्होंने कहा कि जिले में सभी विभागों द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव अंतर्गत छत्तीसगढ़ की संस्कृति, देशभक्ति गीत, मशाल रैली, डिजिटल तिरंगा प्रतियोगिता, छत्तीसगढ़ लोक नृत्य एवं फूड फेस्टीवल जैसे विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी विभागों द्वारा आयोजित गतिविधियों में जनसहभागिता होनी चाहिए तथा





जनप्रतिनिधियों को शामिल होना है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत जिले में आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर लगाए जा रहे है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत स्तर पर आवेदन लेकर शिविर के माध्यम से हर पात्र व्यक्ति का आय-जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाना सुनिश्चित करने की निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव में सभी विभागों की सक्रिय सहभागिता होनी चाहिए। उन्होंने अटल मानिटरिंग डैशबोर्ड की समीक्षा करते हुए कहा कि अटल मानिटरिंग पोर्टल अंतर्गत निर्धारित मापदण्ड में सुधार करते हुए प्राथमिकता से कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने सभी विभागों को निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग अंतर्गत एग्रोस्टैक के तहत किसानों के पंजीयन के संबंध में जानकारी ली।

# महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की वृद्धि कर्मचारियों के हित में : ठोकने

**रायपुर, 20 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने प्रदेश के छत्तीसगढ़ के शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा किए जाने का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। प्रवक्ता श्री ठोकने ने कहा कि महंगाई भत्ते में वृद्धि करके मोदी की गारंटी के तहत किए गए अपने एक और वादे को पूरा कर दिया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री ठोकने ने कहा कि राज्य में डीए केंद्र के बराबर 55 प्रतिशत हो जाएगा जिससे लाखों कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को लाभ मिलेगा। इस वृद्धि से वेतन/पेंशन बिल पर जो अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ेगा, सरकार ने उसे बजट प्रावधानों से वहन करने की बात कही है।

# सड़कों पर मवेशियों को नहीं छोड़ने के लिए गांवों में मुनादी कराने के दिए निर्देश

**राजनांदगांव 20 अगस्त।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने विगत कुछ दिनों से राष्ट्रीय राजमार्ग में सड़क दुर्घटना के कारण मवेशियों की मृत्यु पर गहरी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि रात्रि के समय राष्ट्रीय राजमार्ग में दुर्घटना अधिक हो रही है। इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग में ब्लैक स्पाट का चिन्हांकन करने कहा। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थानों में सुधारात्मक कार्य कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकता है। राष्ट्रीय राजमार्ग में रात्रि के समय पेट्रोलिंग बढ़ाने कहा। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग में रात्रि के समय सघन मॉनिटरिंग कर बैठे मवेशियों को हटाने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय राजमार्ग में मवेशियों के बैठने से मवेशियों के साथ जनहानि होने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थानों का चिन्हांकन करें जिन स्थानों में अधिक संख्या में मवेशी सड़क पर बैठते हैं। ऐसे स्थलों से मवेशियों को पशु आश्रय स्थलों में शिफ्टिंग करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के प्रतिनिधियों को मवेशियों में रेडियम बेल्ट लगाने कहा, जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। उन्होंने दुर्घटनाजन्य स्थलों में लाईट की व्यवस्था और राष्ट्रीय राजमार्ग में ब्लिंक लाईट लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग में दोबारा ऐसी दुर्घटना होने पर राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री ने ई कोर्ट,एग्री स्टेक में किसान पंजीयन और फसल सर्वे प्रगति की समीक्षा की

**बलौदाबाजार, 20 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टरों की बैठक लेकर रजत उत्सव की तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और आम जनता की सहभागिता की अपील की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रजत उत्सव एक महत्वपूर्ण अवसर है जो छत्तीसगढ़ के विकास को प्रदर्शित करता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी में जुट जाएं और सुनिश्चित करें कि सभी कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित हों।उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर छत्तीसगढ़ के विकास में सहभागी बनना है। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि 25 साल के युवा प्रदेश ने देश में अपनी अलग पहचान बनाई है।

# नया राजस्व वर्ष शुरू होने से पहले लंबित प्रकरणों का करें निराकरण : कलेक्टर

**बलौदाबाजार, 20 अगस्त।** कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को समय -सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व संबंधित विभिन्न लंबित प्रकरणों का





नया राजस्व वर्ष शुरु होने से पहले निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।कलेक्टर ने इस दौरान अधिकारियों को नाशमुक्ति की शपथ दिलाई। कलेक्टर ने कहा कि आगामी 1 अक्टूबर से नया राजस्व वर्ष शुरु होगा। राजस्व न्यायालयों में 6 से 9 माह तक लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण कराएं। राजस्व न्यायालयों में लोगों को भटकना न पड़े।उन्होंने एग्रीस्टेक पंजीयन में छूटे हुए किसनों को चिन्हित कर पंजीयन कराने के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिये। संयुक्त खाता वाले तथा फौती नामांतरण के लिए शेष किसानों के दस्तावेज दुरुस्त कराने कहा। इसीतरह जिले से पलायन करने वाले किसानों से सम्पर्क कर पंजीयन कराने के निर्देश सहकारिता विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने डिजिटल क्रॉप सर्वे की समीक्षा करते हुए सभी तहसीलों में गंभीरता पूर्वक फसल सर्वेक्षण का कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने पशुओं के संरक्षण हेतु शासन के निर्देशानुसार गोधाम संचालन के लिए सभी जनपदो में ग्रामों का चिहांकन करने के भी निर्देश दिये।

# युवती को आया गुस्सा, ब्लेड से 21 बार काटी अपने हाथ की नस

**कोरबा.** शहर के मिशन रोड स्थित श्याम मंदिर के पास युवती ने कॉल पर बातचीत करने के बाद अपनी हाथ की नसे काट ली. एटीएम के बाहर खड़े होकर युवती खाफी देर तक मोबाइल पर बातचीत करते हुए इधर-उधर घूम रही थी. अचनाक उसने पास रखे ब्लेड को निकालकर हाथ पर 21 बार वार किए, जिसके बाद वह बेहोश होकर गिर गई. घटना से इलाके में हड़कंप मच गया. जानकारी के मुताबिक, कोतवाली थाना क्षेत्र का यह पूरा मामला है. यहां एक युवती श्याम मंदिर के पास एटीएम पर थी. युवती काफी समय से मोबाइल में बात करते हुए इधर-उधर



घूम रही थी. अचानक से उसे गुस्सा आया और उसने ब्लैड लेकर अपने दाएं हाथ में एक नहीं बल्कि 21 बार वार करते हुए हाथ की नस काटने की कोशिश की. इसके बाद लड़की बेहोश होकर गिर पड़ी. राहगीरों की 112 को सूचना दी, जिसके बाद युवती को अस्पताल भर्ती कराया गया.

# जंगल में युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मिली लाश

**कोरबा, 20 अगस्त।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के नकटीजंगल में युवक की संदिग्ध परिस्थिति में लाश मिलने से सनसनी फैल गई है. नकटीखार गांव से लगे पिकनिक स्पॉट के पास मंगलवार की देर शाम लोगों ने युवक की लाश देखी. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद किया. मृतक की पहचान के लिए पुलिस ग्रामीणों से लगातार बातचीत कर रही है. पूरा मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है. जानकारी के मुताबिक, नकटीखार गांव से



लगे पिकनिक स्पॉट के पास युवक की संदिग्ध परिस्थिति में लाश मिली. घटनास्थल से गुजर रहे लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची. इसके बाद और फोरेंसिक एक्सपर्ट्स की टीम को बुलाया गया. फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है. ग्रामीणों से पुलिस पूछताछ कर रही है. कोरबा सीएसपी भूषण एक्का ने बताया कि युवक की पहचान के लिए व्हाट्सएप ग्रुप और आसपास गांव में कोटवार के माध्यम से मुनादी कराई जा रही है. पहचान होने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी. वहीं मौके पर जांच के लिए फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम को बुलाया गया है.

# ग्राम पंचायतों में महिला सरपंचों की भूमिका सीमित, पति सभी कार्यों में कर रहे हस्तक्षेप

## निर्वाचन आयोग के नियमों की खुलेआम अवहेलना, प्रशासन बना मूकदर्शक

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खैरागढ़, 20 अगस्त।** राज्य की ग्राम पंचायतों में महिलाओं को आरक्षण के तहत सरपंच का पद मिलने के बाद भी वे वास्तविक कार्यों से लगभग दूर हो चुकी हैं। सरपंच के रूप में चुनी गई महिलाएं अब केवल मुहर लगाने तक ही सीमित रह गई हैं, जबकि उनके पति ग्राम पंचायत के सभी कार्यों में खुलेआम हस्तक्षेप कर रहे हैं।

ग्राम पंचायतों की मासिक बैठकों से लेकर निर्माण कार्यों तक में सरपंच पति पूरी तरह से सक्रिय हैं। सूत्रों की मानें तो कई मामलों में सरपंच पतियों ने पंचायत सचिवों से सांठगांठ कर खुद को ही सरपंच के रूप में स्थापित कर लिया है। जनपद



पंचायत के कार्यालयों में भी वे महिला सरपंच की जगह स्वयं उपस्थित होकर फाइलें लेकर आते हैं और अधिकारियों से सीधा संवाद कर कार्य निपटाते हैं। नव निर्वाचित महिला सरपंचों को कार्यभार संभाले छह महीने से अधिक हो चुके हैं, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। सरपंच पति अब भी पंचायत की हर गतिविधि में दखल दे रहे हैं, जिससे पंचायत के सुचारु विकास में बाधा उत्पन्न हो रही है।

हैरानी की बात यह है कि जनपद पंचायत कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे लगे होने के बावजूद सरपंच पतियों की गतिविधियों पर कोई अंकुश नहीं लग पा रहा है। वे हर महत्वपूर्ण फाइल को खुद लेकर आते हैं और जनपद के अधिकारियों व बाबुओं से मिलकर सभी कार्यों को अंजाम दे रहे हैं।

**महिला सरपंचों की स्वीकारोक्तिः हमारे पति ही सब काम करते हैं**

जब कुछ महिला सरपंचों से जनपद पंचायत के सीईओ के नाम और कार्यप्रणाली के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि वे अब तक केवल एक या दो बार ही जनपद कार्यालय गई हैं। अधिकांश ने खुलेआम स्वीकार किया कि उनके पति ही जनपद कार्यालय जाते हैं और वहां का सारा काम संभालते हैं।

# खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने चलाया जांच अभियान,65 में 4 नमूने मिले अवमानक

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 20 अगस्त।** बरसात और त्योहार के मौसम में खाद्य पदार्थों की शुद्धता पर विशेष निगरानी रखते हुए नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ तथा कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा लगातार जांच किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला की टीम ने रोहांसी क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान कुल 65 खाद्य नमूनों की जांच की गई जिनमें से 61 मानक पाए गए जबकि 4 नमूने अवमानक मिले। इन नमूनों के संबंध में नियमानुसार विभागीय कार्रवाई की जा रही है।

जांच अभियान चलाया गया।



निरीक्षण के दौरान उन्होंने दुकानदारों को सख्त निर्देश दिए कि खाद्य सामग्री अखबार में पैक करके ग्राहकों को देना पूरी तरह प्रतिबंधित है और ऐसा करते पाए जाने पर कठोर कार्रवाई होगी। साथ ही बिना खाद्य लाइसेंस के कारोबार करने वालों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने व्यापारियों को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की हिदायत दी और उपभोक्ताओं से अपील की कि वे खाद्य सामग्री खरीदते समय गुणवत्ता अवश्य परखें तथा किसी भी संदिग्ध वस्तु की सूचना तुरंत विभाग तक पहुंचाएं।

## संपादकीय

### कैबिनेट में अब 14 मंत्री

राज्यपाल रमेन डेका ने तीन विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई इसी के साथ राज्य कैबिनेट में पहली बार मंत्रियों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। राज्य मंत्रिमंडल में अब तक विधायकों की संख्या के आधार पर 13 मंत्री ही बनाए जा सकते थे। हरियाणा के फार्मूले आधार पर पहली बार राज्य में 14 मंत्री बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कुछ माह पहले हरियाणा की तरह छत्तीसगढ़ में भी 14 मंत्री बनाने के संकेत दिए थे। नए बनाए गए मंत्री दुर्ग संभाग से गजेंद्र यादव है, सरगुजा संभाग से राजेश अग्रवाल हैं तो रायपुर संभाग से गुरु खुशवंत साहेब हैं। इसी के साथ सरगुजा संभाग से मंत्रियों की संख्या सीएम साय, रामविचार नेताम, लक्ष्मी राजवाड़े, श्याम बिहारी जायसवाल,राजेश अग्रवाल पांच हो गई है, इसी तरह रायपुर संभाग से टंकराम वर्मा के बाद गुरु खुशवंत साहेब को मंत्री बनाने से मंत्रियों की संख्या दो हो गई है। दुर्ग संभाग में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा,दयालदास बघेल के बाद गजेंद्र यादव को मंत्री बनाने से मंत्रियों की संख्या तीन हो गई है। बिलासपुर संभाग से उपमुख्यमंत्री अरुण साव, ओपी चौधरी, लखनलाल देवांगन है तो बस्तर संभाग से केदार कश्यप अकेले मंत्री है। इस तरह तीन नए मंत्री जिस संभाग से बनाए जा सकते थे, सीएम ने बनाए हैं और यह उनका विशेषाधिकार है कि वह किस क्षेत्र से किसको मंत्री बनाते हैं। मंत्रिमंडल के विस्तार में सीएम साय ने पिछली बार की तरह नए बने विधायकों को मंत्री बनाकर साफ कर दिया है कि उनका ध्यान भाजपा की दूसरी पीढ़ी का नेतृत्व हर संभाग में तैयार करना है। वैसे राज्य के रमन सिंह सरकार में रहे कई नेताओं को उम्मीद रही होगी कि पहली बार उनको मंत्री नहीं बनाया गया तो दूसरी बार बनाया जाएगा लेकिन उनको निराशा हाथ लगी है। उन्होंने अपने तेवरों से मुख्यमंत्री को विधानसभा के भीतर व बाहर जताने का प्रयास किया गया कि नए विधायकों से वह बेहतर हैं लेकिन सीएम साय पर उनकी इस हरकत का कोई फर्क नहीं पड़ा है,उन्होंने नए विधायकों को मंत्री बनाकर साफ कर दिया है कि दिल्ली का नेतृत्व यही चाहता है कि नए लोगों को ज्यादा मौका दिया जाए तो नए लोगों को ही ज्यादा मौका दिया जाएगा।

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको अपने किसी वाद-विवाद को थोड़ा ध्यान रखना होगा, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आप कामों को लेकर लापरवाही ना दिखाएं। आपके आलस्य के कारण आप अपने कामों को आगे टालने की कोशिश कर सकते हैं। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। वाहन की अकस्मात खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है। कार्यक्षेत्र में आपके बॉस आपकी जिम्मेदारी बढ़ाएंगे, जिनसे आपको घबराना नहीं है।

वृषभ आज आपके धन के नए-नए रास्ते खुलेंगे और आपकी सेहत भी पहले से बेहतर रहेगी। रिश्तो में यदि कुछ कड़वाहट चल रही थी, तो उसको भी दूर करने की संभावना है। आपको अपनी संपत्ति से जुड़ी कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है। आप किसी पैतृक संपत्ति संबंधित मामले में ढील ना दें, तभी उसमें भी आपको जीत मिलेगी। आपको किसी सरकारी योजना का पूरा लाभ मिलेगा, जो लोग रिलेशनशिप में है, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी और आपकी कुछ नया करने की इच्छा जागृत होगी।

मिथुन आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। परिवार में खुशियां आएंगी, आपके किसी नए घर और दुकान आदि की खरीदारी के लिए बेहतर रहेगा। आप किसी फैमिली ट्रिप पर जाने के प्लानिंग कर सकते हैं। आप अपनी इनकम को बढ़ाने के सोर्सो पर ध्यान देंगे। आपका बिजनेस में धन लगाने के लिए आपको कोई अच्छा पार्टनर मिल सकता है। आपकी किसी पुरानी गलती से आपको सबक लेना होगा।

कर्क आज का दिन आपके लिए किसी नए मकान आदि की खरीदारी के लिए रहेगा। आपका किसी नई प्रॉपर्टी को खरीदने का सपना पूरा हो सकता है। आपको अपनी आय और व्यय को ध्यान में रखकर खर्च करना बेहतर रहेगा। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधा दूर होंगी। आप यदि किसी को धन उधार देंगे, तो वह आपको आसानी से मिल जाएगा। आप अपने पिताजी से काम को लेकर कोई सलाह मशवरा ले सकते हैं। जीवनसाथी से आपकी किसी बात को लेकर खटपट होने की संभावना है।

सिंह आज का दिन आपके लिए किसी नए काम को करने से बचने के लिए रहेगा। आप अपने बिजनेस के काम को लेकर लोगों से मिलना जुलना करेंगे। शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट करने वाले लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आपको कोई पुरस्कार आदि मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा। पार्टनरशिप आप थोड़ा सोच समझकर करें, लेकिन आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आप अपने पारिवारिक मामलों को निपटाने की कोशिश में लगे रहेंगे।

कन्या आज का दिन आपके लिए आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलने के लिए रहेगा। आपको अपनी पर्सनल लाइफ पर पूरा ध्यान देना होगा। आप किसी अजनबी से जरूरी बातें शेयर ना करें। कोर्ट कचहरी से संबंधित मामलों को लेकर आपको भागदौड़ अधिक रहेगी। आपकी कोई शारीरिक समस्या बढ़ सकती है, जिसको लेकर आपको टेंशन अधिक रहेगी। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं। आपको अपने सीनियर्स का कामों में पूरा साथ मिलेगा।

तुला आज का दिन आपके लिए किसी वाद-विवाद से दूर रहने के लिए रहेगा। यदि आपके कामों में कोई दिक्कतें आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। ऑफिस में आप अपने सहयोगियों से काम निकलवाने की पूरी कोशिश करेंगे। आपको किसी धार्मिक यात्रा पर जाने में कुछ दिक्कतें आ सकती हैं। प्रॉपर्टी को लेकर आप कोई फैसला थोड़ा समझदारी से ही लें। जीवनसाथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। आप किसी पुराने गलती को लेकर परेशान रहेंगे।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आप परिवार के सदस्यों के साथ कुछ समय पुरानी यादों को साझा करने में व्यतीत करेंगे। आप अपने पार्टनर के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपके कुछ काम आसानी से बनेंगे। आपके लंबे समय से रुके हुए काम पूरे होंगे।

धनु आज का दिन आपके लिए किसी नए वाहन की खरीदारी के लिए अच्छा रहेगा। आप किसी के कहने में आकर कोई निर्णय न ले, नहीं तो बाद में आपको उसके लिए पछतावा हो सकता है। आपके कामों में कुछ चुनौतियां आएंगी, जिनसे आपको घबराना नहीं है। विद्यार्थी पढ़ाई-लिखाई से संबंधित किसी काम को लेकर कहीं बाहर जा सकते हैं। आपका कोई पुराना लेनदेन आपके लिए समस्या बन सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको काम को लेकर कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है।

मकर आज का दिन आपके लिए धैर्य और साहस से काम लेने के लिए रहेगा। आपको योग और मेडिटेशन करते रहना अच्छा रहेगा। आप कामों को लेकर रणनीति बनाकर चले, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। भाई- बहनों का आपको पूरा सपोर्ट मिलेगा। आपके कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है, जिसके बाद परिवार में किसी पूजा-पाठ का आयोजन होगा। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

कुंभ आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको शेयर मार्केट के पुराने निवेश से अच्छा लाभ मिलेगा। आपकी काम को लेकर वाहवाही होगी और आप कहीं घूमने-फिरने जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। सिंगल लोगों की अपने प्यार से मुलाकात होगी। राजनीति में कार्यरत लोगों को किसी सम्मान की प्राप्ति हो सकती हैं। रोजगार को लेकर परेशान चल रहे लोगों को कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा। आपका डूबा हुआ धन भी आपको मिल सकता है।Lucky Rashifal: इस सप्ताह इन तीन राशि वालों के करियर-कारोबार में होगी तरक्की, मिलेंगे मनचाहे परिणाम

मीन आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपके अंदर अच्छी ऊर्जा रहने से आपका मन काफी खुश रहेगा और आपको टेंशनों से भी छुटकारा मिलेगा। आपके बॉस को आपके दिए गए सुझाव खुब पसंद आएंगे। आपकी उनसे खूब पटेगी। विद्यार्थियों को यदि किसी परीक्षा को दिया था, तो उसका परिणाम आ सकते हैं।

# वोट चोरी : तू इधर उधर की बात न कर

निर्मल रानी



भारत में इन दिनों "वोट चोरी" का मुद्दा आम लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में होने वाले चुनावों की हालांकि पूरे विश्व में सराहना की जाती है परन्तु यह भी सही है कि इन चुनावों की पारदर्शिता को लेकर भी दशकों से सवाल उठते रहे हैं। आज यदि ई वी एम से होने वाली कथित धांधली पर सवाल उठाया जाता है तो बैलेट पेपर और मत पेटी के दौर में बूथ कैप्चरिंग व वोट गिनती में धांधली के आरोप भी लगते रहे हैं। परन्तु पिछले दिनों इस सम्बन्ध में उठा विवाद कुछ ज़्यादा ही तूल पकड़ गया है। इस विवाद में एक तरफ़ भारतीय जनता पार्टी व चुनाव आयोग है तो दूसरी तरफ़ कांग्रेस के नेतृत्व में इण्डिया गठबंधन के सभी दल। यह विवाद दरअसल 2024 के लोकसभा चुनाव व कुछ राज्यों के विधानसभा चुनावों के बाद उस समय शुरू हुआ, जब कांग्रेस और इंडिया गठबंधन ने चुनाव आयोग पर मतदाता सूची में गड़बड़ियों और वोटर ॉड के गंभीर आरोप लगाए। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित अनेक विपक्षी नेताओं ने दावा किया है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी कर चुनावों में बेईमानी की गयी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्नाटक, महाराष्ट्र, हरियाणा और बिहार जैसे राज्यों में बड़ी संख्या में फ़र्ज़ी मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं और डुप्लिकेट वोटर की प्रविष्टियां बनाई गई हैं। कि कई जगह तो मतदाताओं के नाम सूची से भी हटा दिए गए हैं। इस संबंध में राहुल गांधी ने चुनाव आयोग द्वारा ही उपलब्ध कराये गये वोटर लिस्ट के विशाल भंडार के शोध के आधार पर ही विशेष रूप से कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र का उदाहरण दिया। उन्होंने अपनी पड़ताल में पाया कि अकेले महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में ही डुप्लिकेट प्रविष्टियों और फ़र्ज़ी पतों के द्वारा 1,00,250 वोट "चुराए गए।" विपक्ष के मुताबिक़ इस तरह की गड़बड़ियों के कारण ही कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को 2024 के चुनाव में पराजय हुई। विशेष रूप से उन सीटों पर जहां हार का अंतर 50,000 वोटों से कम था। राहुल गांधी ने तो यहाँ तक दावा किया कि इसी 'वोटर फ्रॉड' की वजह से ही कांग्रेस को लगभग 70 लोकसभा सीटों का नुक़सान हुआ।




इसी बीच बिहार में निकट भविष्य में होने वाले विधानसभा चुनावों से पूर्व चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट का विशेष गहन पुनरीक्षण (Special Intensive Revision - SIR) का काम शुरू कर दिया। इस प्रक्रिया में बिहार की मतदाता सूची से लगभग 65 लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए, जिसे विपक्ष ने "वोट चोरी" का हिस्सा बताया। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए चुनाव आयोग को इन हटाए गए नामों का विवरण और कारण सार्वजनिक करने का निर्देश दिया। उसके बाद ही चुनाव आयोग ने इन्हें सार्वजनिक किया। एक तरफ़ तो विपक्ष अर्थात इण्डिया गठबंधन, इस पूरे प्रकरण को लेकर चुनाव आयोग की बीजेपी के साथ मिलीभगत का आरोप लगा रहा है जबकि बीजेपी व चुनाव आयोग इसे विपक्ष की बौखलाहट और अनर्गल आरोप क़रार दे रहे हैं। पहले भी चुनाव आयोग विपक्ष के इस तरह के आरोपों को बार-बार ख़ारिज करता रहा है। परन्तु कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक ने इस मुद्दे को जनता तक ले जाने के लिए "वोट चोरी से आज़ादी" अभियान शुरू किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गत 17 अगस्त, 2025 को चुनावी राज्य बिहार के सासाराम से अपनी 16 दिवसीय 'मतदाता अधिकार यात्रा' शुरू की। 1,300 किलोमीटर की यह यात्रा 1 सितंबर को पटना में एक विशाल रैली के साथ समाप्त होगी, जिसमें विभिन्न भारतीय राजनैतिक दलों के नेता शामिल होंगे। दूसरी तरफ़ ठीक उसी दिन व उसी समय यानी 17 अगस्त 2025 को ही चुनाव आयोग ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर कहा कि मतदाता सूची की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के तहत है। आयोग ने यह भी कहा कि राजनीतिक दलों को मतदाता सूची की जांच के लिए समय दिया जाता है, लेकिन विपक्ष ने समय पर आपत्तियां दर्ज नहीं कीं।आयोग ने राहुल गांधी से उनके आरोपों के समर्थन में शपथ पत्र मांगते हुए कहा कि यदि उन्होंने एक सप्ताह में अपनी आपत्तियों से सम्बंधित हलफ़नामा नहीं दिया तो उन्हें देश से मुआफ़ी मांगनी पड़ेगी। अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में सी सी टी वी फ़ुटेज को लेकर भी चुनाव आयोग ने कई ऐसी बातें कीं जिसे पक्षपातपूर्ण व अतार्किक माना जा रहा है। बहरहाल, विपक्ष व चुनाव आयोग के बीच भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में पहली बार इस क़द्र तल्ख़ी पैदा हुई है। चुनाव आयोग की मनमानी को बेनक़ाब करने के लिये कांग्रेस ने http://votechori.in के नाम से एक वेब पोर्टल लॉन्च किया है, जहां लोग 'वोट चोरी' के विरुद्ध अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं और डिजिटल मतदाता सूची की मांग का समर्थन कर सकते हैं। साथ ही कांग्रेस ने टोल ी नंबर 9650003420 भी मिस्ड कॉल के लिये जारी किया है। इसपर जनता उन्हें अपना समर्थन व वोट सम्बन्धी अपनी शिकायत दे सकती है। विपक्ष ने इस मुहिम को "वोट चोरी से आज़ादी" अभियान का नाम दिया है। इसमें कोई शक नहीं कि अब "वोट चोरी" के मुद्दे ने देश की राजनीति में उबाल पैदा कर दिया है। पूरा देश इसे एक गंभीर और संवेदनशील मुद्दे के रूप में देख रहा है। क्योंकि चुनाव आयोग व भाजपा की जुगलबंदी ने भारत जैसे विशाल लोकतंत्र की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल खड़ा कर दिया है। विपक्ष तो सीधे तौर पर इसे लोकतंत्र पर हमला बता रहा है। देश के मतदाता इस समय चुनाव आयोग के पक्षपातपूर्ण रवैये से परेशान होकर यही कहते दिखाई दे रहे हैं कि - तू इधर उधर की बात न कर। ये बता कि क़ाफ़िला क्यों लुटा ? मुझे रहज़नों से ग़रज़ नहीं। तेरी रहबरी का सवाल है??

# ट्रंप के टैरिफ़ को बेअसर करने भारतीय उद्योगों, अर्थव्यवस्था को जीएसटी सुधारों क़ा बूस्ट डोज़

किशन सनमुखदास भावनानी



वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ जानती है कि ट्रंप नें अपने राष्ट्रपति पद के चुनावी अभियानों, भाषणों में 24 घंटे में युद्ध समाप्ति,अमेरिकी फर्स्ट,मेक अमेरिका ग्रेट अगेन जैसे अनेकों वादे किए थे।जनवरी 2025 में राष्ट्रपति पद संभालते ही उन्हें पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं,जो हम करीब 8 महीनों से देख रहे हैं। इसी क्रम में दुनियाँ के तमाम देशों पर टैरिफ लगाने की बात भी कही थी जिसे अब वह पूरा करने पर तुले हुए हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि इससे पूरी दुनियाँ हिल गई है, हालांकि ट्रंप द्वारा टैरिफ़ के डंडे के बल पर अनेक देशों से अपने मन मुताबिक एग्रीमेंट करवाकर उन्हें टेरिफ से कुछ हद तक छूट दे दी गई है, परंतु भारत पर अभी 50 पेर्सेंट टैरिफ लगाया गया है,जिससे भारत के फार्मा,कृषि स्टील इत्यादि अनेक क्षेत्रों पर फर्क पड़ने की संभावना जताई जा रही है,दरअसल अब 27 अगस्त से 25 पेर्सेंट इसे दोगुना कर 50 पेर्सेंट तक करने का ऐलान किया है। इस फैसले से भारत के करीब 40 अरब डॉलर के निर्यात- जिसमें ज्वेलरी, वस्त्र और फुटवियर जैसे सेक्टर शामिल हैं,पर सीधा खतरा मंडरा रहा है। यही नहीं,भारत- अमेरिका के बीच होने वाली द्विपक्षीय व्यापार वार्ता भी इसी विवाद की वजह से रोक दी गई। यह वार्ता 25 से 29 अगस्त के बीच प्रस्तावित थी, लेकिन अमेरिकी ट्रेड टीम का दौरा अचानक रद्द कर दिया गया इसीलिए माननीय पीएम द्वारा 18 अगस्त 2025 को देरशाम इकोनामिक एडवाइजरी कमेटी की बैठक बुलाई गई थी जिसमें सात केंद्रीय मंत्री व नीति आयोग सहित अनेको संस्थाएं ने भाग लिया जिसमें जीएसटी रिफॉर्म पर भी चर्चा हुई। मीडिया में अंदाज लगाया जा रहा है कि अब जीएसटी स्लैप दो सिलेबस 5 पेर्सेंट व 18 पेर्सेंट तक सीमित कर दिया जाएगा,उधर 18-19 अगस्त 2025 को चीनी विदेश मंत्री भारत दौरे पर हैं,इसके पूर्व कल ज्वलेंसकी ने हमारे पीएम महोदय से बात की, उसके बाद अलास्का बैठक के बाद पुतिन ने भी 18 अगस्त 2025 को देर शाम भारत भारतीय पीएम को फोन कर अलास्का मीटिंग के बारे में जानकारी दी,जिससे भारत की प्रतिष्ठा में चार चांद लगनें को रेखांकित किया जा सकता है।इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,ट्रंप के टैरिफ़ को बेअसर करने भारतीय उद्योगों,अर्थव्यवस्था को जीएसटी सुधारों क़ा बूस्ट डोज़ - उपभोक्ताओं व राष्ट्र के लिए नई आर्थिक दिशा।

साथियों बात अगर हम वैश्विक अर्थव्यवस्था आज इस मोड़ पर खड़ी होने की करेंतो,ट्रंप प्रशासन द्वारा भारत समेत कई देशोंपर 50 पेर्सेंट तक के आयात टैरिफ लगाने की घोषणा ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार संतुलन को हिला दिया है। भारत जैसे उभरते हुए देश के लिए यह टैरिफ न केवल निर्यात क्षेत्र पर दबाव डालते हैं बल्कि घरेलू उद्योग और उपभोक्ता बाजार पर भी असर डाल सकते हैं। ऐसे समय में भारत सरकार ने जीएसटी सुधारों के रूप में 'बूस्टर डोज' देने की जरूरत महसूस की, जिससे न केवल टैरिफ के प्रभाव को बेअसर किया जा सकेगा बल्कि घरेलू मांग, उत्पादन और उपभोग की गति भी तेज होगी।अंतरराष्ट्रीय राजनीति और वैश्विक व्यापार की दुनियाँ में आर्थिक हथियारों का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका को "अमेरिका फर्स्ट " की नीति पर खड़ा किया, जिसके तहत उसने भारत समेत कई देशों पर ऊँचे टैरिफ लगा दिए। इन टैरिफ का उद्देश्य अमेरिकी उद्योगों की रक्षा करना था, लेकिन इसका सीधा असर भारत के निर्यात, उद्योगों और उपभोक्ताओं पर पड़ेगा।ऐसे समय में भारत सरकार ने घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए जीएसटी सुधारों का रास्ता चुना। ये सुधार न केवल अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव को संतुलित करेंगे बल्कि उपभोक्ताओं को राहत और उद्योगों को सुरक्षा भी देंगे। "अमेरिका द्वारा भारत पर थोपे गए भारी-भरकम टैरिफ के बीच पीएम ने सोमवार शाम 6:30 बजे एक बेहद अहम बैठक बुलाई थी। यह बैठक उनके आधिकारिक आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर हुई, जिसमें वित्तमंत्री समेत सात केंद्रीय मंत्री भी शामिल हुए। मीडिया का कहना है कि इस मीटिंग में भारत की अर्थव्यवस्था पर अमेरिकी टैरिफ के असर की समीक्षा की गई और आगे की रणनीति तय की गई ऐसा मीडिया से ज्ञात हुआ।

साथियों बात अगर हम अमेरिका के 50 पेर्सेंट टैरिफ का पृष्ठभूमि के भारत पर असर पढ़ने की करें तो,अमेरिका ने हाल ही में चीन, भारत, मेक्सिको और यूरोप के कुछ देशों पर उच्च टैरिफ लागू करने का संकेत दिया है। भारत से निर्यात होने वाले स्टील, एल्युमिनियम, टेक्सटाइल, आईटी हार्डवेयर, फार्मा और ऑटो पार्ट्स पर सीधा असर पड़ सकता है।टैरिफ से भारतीय कंपनियों की लागत बढ़ेगी, जिससे अमेरिकी बाजार में उनकी प्रतिस्पर्धा कम होगी। भारत का आईटी और फार्मा सेक्टर, जो अमेरिकी बाजार पर काफी निर्भर हैं, विशेष रूप से चुनौती का सामना करेंगे,इससे भारत का ट्रेड बैलेंस बिगड़ सकता है और डॉलर के मुकाबले रुपये पर दबाव आ सकता है।यानें साफ है कि अमेरिकी टैरिफ एक आर्थिक हथियार की तरह है, जिसे भारत की वृद्धि की गति धीमी करने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। इसकी काट के रूप में भारत का जीएसटी सुधारों का बूस्टर डोज के रूप में जवाब है,भारत सरकार ने इसे केवल व्यापारिक समस्या न मानकर घरेलू आर्थिक अवसर में बदलने की रणनीति बनाई है। इसी क्रम में हाल ही में पीएम द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर जीएसटी सुधारों की घोषणा की गई थी।ये सुधार वस्तुतः "बूस्टर डोज" हैं, जिनका लक्ष्य है-(1) घरेलू खपत बढ़ाना (2) उद्योगों की लागत घटाना (3) टैक्स प्रणाली को सरल और पारदर्शी बनाना (4) वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करना (5) निर्यातकों को प्रोत्साहन देना। जीएसटी सुधारों की मुख्य विशेषताएँ- (1) मल्टी-रेट सिस्टम का सरलीकरण -पहले जीएसटी की दरें 0 पेर्सेंट, 5 पेर्सेंट,12 पेर्सेंट,18 पेर्सेंट और 28 पेर्सेंट थीं। सुधारों के बाद अधिकांश वस्तुएं 12 पेर्सेंट और 18 पेर्सेंट के बीच लाने की संभावना है,इससे टैक्स स्लैब कम होकर सरल और पारदर्शी बन जायेगा। (2) ई-कॉमर्स और एमएसएमई को राहत-छोटे उद्योगों को अब सालाना ₹2 करोड़ तक टर्नओवर पर जीएसटी से छूट मिलेगी (3) ई- कॉमर्स कंपनियों के लिए एकीकृत फाइलिंग सिस्टम लागू किया गया है। (4) इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) को आसान बनाना (5) अब उद्योगों को ऑटोमेटिक आईटीसी रिफंड मिलेगा। (6) कैश फ्लो की दिक्कतें कम होंगी और कारोबार का माहौल सुधरेगा। (7) निर्यात क्षेत्र के लिए विशेष प्रावधान (8) निर्यातकों को टैक्स रिफंड 15 दिनों में मिलने का प्रावधान। (9) सेज़ और मेक इन इंडिया यूनिट्स को अतिरिक्त टैक्स राहत। निर्यात क्षेत्र के लिए विशेष प्रावधान- (1) निर्यातकों को टैक्स रिफंड 15 दिनों में मिलने का प्रावधान। (2)सेज़ और मेक इन इंडिया यूनिट्स को अतिरिक्त टैक्स राहत। (3) उपभोक्ताओं को सीधा फायदा (4) रोजमर्रा की वस्तुओं जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल, वस्त्र और खाद्य पदार्थों पर टैक्स दरें घटाई गईं। (5) इससे मुद्रास्फीति पर नियंत्रण होगा और उपभोक्ता खर्च बढ़ेगा।अमेरिकी टैरिफ और जीएसटी सुधारों का आपसी संबंध- (1) अमेरिका के टैरिफ का मकसद भारत के निर्यात को नुकसान पहुंचाना है।(2) भारत ने इसके जवाब में घरेलू खपत और उत्पादन पर जोर देकर यह सुनिश्चित किया कि टैरिफ का असर सीमित हो।उदाहरण के लिए-यदि अमेरिका भारतीय टेक्सटाइल पर 50 पेर्सेंट टैरिफ लगाता है,तो भारतीय कंपनियां घरेलू बाजार में कम टैक्स रेट और सरल जीएसटी प्रक्रिया का लाभ उठाकर अपनी बिक्री बढ़ा सकती हैं। (3) इसी तरह फार्मा सेक्टर को टैक्स रिफंड स्कीम और इनपुट क्रेडिट से राहत मिलेगी।

साथियों बात अगर हम जीएसटी रिफॉर्म्स से उपभोक्ताओं व उद्योगों को फायदों की करें तो, उपभोक्ताओं के लिए फायदे- (1) जीएसटी सुधारों का सबसे बड़ा लाभ आम उपभोक्ता को मिलेगा। (2) वस्तुओं पर कम टैक्स दरें- जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स और पैकेज्ड फूड। (3) अधिक पारदर्शिता-अब टैक्स चोरी और कैस्केडिंग इफेक्ट कम होगा। (4) महंगाई पर नियंत्रण- पेट्रोलियम उत्पादों को आंशिक रूप से जीएसटी में लाने की चर्चा भी इससे जुड़ी है। (5) बढ़ती खपत-कम कीमतों से मांग बढ़ेगी, जिससे अर्थव्यवस्था में गति आएगी।उद्योगों के लिए फायदे-(1) टैक्स का सरलीकरण -उद्योगों का प्रशासनिक बोझ कम होगा। (2) कैश फ्लो सुधरेगा-तेज आईटीसी रिफंड से निवेश और उत्पादन में तेजी आएगी। (3) घरेलू बाजार में सुरक्षा कवच-अमेरिकी टैरिफ से निर्यात घटने की स्थिति में घरेलू बिक्री को बढ़ावा मिलेगा। (4) वैश्विक निवेश आकर्षण-सरल टैक्स प्रणाली विदेशी कंपनियों को भारत में निवेश करने के लिए प्रेरित करेगी। अतः अगर हम ऊपर पूरे विवरण का अध्ययन करें उसका विशेषण करें तो हम पाएंगे कि ट्रंप के टैरिफ़ को बेअसर करने भारतीय उद्योगों, अर्थव्यवस्था को जीएसटी सुधारों क़ा बूस्ट डोज़ - उपभोक्ताओं व राष्ट्र के लिए नई आर्थिक दिशा अंतरराष्ट्रीय राजनीति व वैश्विक व्यापार की दुनियाँ में आर्थिक हथियारों का इस्तेमाल तेज़ी से बढ़ रहा हैलाल किले की प्राचीर से पीएम का जीएसटी रिफॉर्म का आगाज़- टैरिफ भारत के लिए बाधा नहीं बल्कि अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर, उपभोक्ता केंद्रित बनाने का अवसर हैं।

# वेट लॉस के लिए डेली रूटीन में शामिल करें ये आदतें, महीने भर में दिखेगा असर

अगर आपके पास भी जिम जाने का समय नहीं है और स्ट्रिक्ट डाइट फॉलो नहीं कर पाते हैं, तो आपको निराश होने की जरूरत नहीं है। आप बड़े बदलावों की जगह छोटी और आसान आदतों को अपनी डेली रूटीन में अपनाकर वेट को प्रभावी ढंग से नियंत्रित कर सकते हैं। आजकल की बिजी लाइफस्टाइल में वजन कम करना एक बड़ी चुनौती बन गई है। लेकिन छोटी और आसान आदतों को अपनाकर आप आसानी से वेट लॉस कर सकते हैं। अगर आपके पास भी जिम जाने का समय नहीं है और स्ट्रिक्ट डाइट फॉलो नहीं कर पाते हैं, तो आपको निराश होने की जरूरत नहीं है। आप बड़े बदलावों की जगह छोटी और आसान आदतों को अपनी डेली रूटीन में अपनाकर वेट को प्रभावी ढंग से नियंत्रित कर सकते हैं।

एक हेल्दी दिनचर्या सिर्फ वेट लॉस तक ही सीमित नहीं है। यह आपके पूरे स्वास्थ्य और एनर्जी लेवल को बेहतर बनाती है। खासकर सुबह की शुरूआत सही तरीके से करने से बॉडी का मेटाबॉलिज्म तेज होता है और पूरे दिन कैलोरी बर्न करने में भी मदद करता है, साथ ही वेट लॉस की प्रक्रिया को गति देता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ सरल और प्रभावी आदतों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करके आप कुछ ही दिनों में सकारात्मक असर देख सकते हैं।

**नींबू पानी**-सुबह खाली पेट गुनगुने पानी में नींबू का रस मिलाकर पीने से वजन कम होता है। यह प्रभावी और पुराना नुस्खा है। नींबू पानी आपके शरीर को हाइड्रेट करता है और पाचन तंत्र सक्रिय करता है। यह मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है। नींबू में विटामिन सी और एंटी ऑक्सीडेंट पाया जाता है, जोकि विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में सहायता करता है। नींबू पानी भूख को भी नियंत्रित करती है और दिन में खाने की इच्छा भी कम होती है।

**सूरज की रोशनी**-हर सुबह 15-20 मिनट सूरज की रोशनी में समय बिताना आपके मूड को बेहतर बनाता है। साथ ही यह वेट लॉस में भी अहम भूमिका निभाता है। बता दें कि सूर्य की रोशनी से विटामिन डी मिलता है, जोकि मेटाबॉलिज्म और इंसुलिन संवेदनशीलता को बढ़ाता है। सुबह सूरज की धूप लेने से बॉडी का बॉयलोजिकल क्लॉक अच्छा रहता है। जिससे नींद और भूख का चक्र संतुलित रहता है।

**एक्सरसाइज करें**-सुबह की एक्सरसाइज वेट लॉस का करने का सबसे प्रभावी तरीका है। फिर चाहे तेज चलना हो, जॉगिंग, योग या साइकिलिंग करना हो। रोजाना 30 मिनट की गतिविधि मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करती है। दिन भर कैलोरी बर्न करने में सहायता करती है। सुबह की एक्सरसाइज तनाव कम करती है और ऊर्जा स्तर बढ़ाती है। पसीना बहाने से बॉडी से एक्स्ट्री नमक और विषाक्त पदार्थ निकलते हैं।

**प्रोटीन युक्त नाश्ता**-सुबह का नाश्ता सबसे महत्वपूर्ण होता है। प्रोटीन युक्त नाश्ता वेट कम करने में अहम भूमिका निभा सकती है। प्रोटीन भूख को लंबे समय तक नियंत्रित करता है। इससे दिन में अनहेल्दी स्नैकिंग कम होती है। दही, अंडा, पनीर और दाल जैसे खाद्य पदार्थ को डेली डाइट में शामिल करना चाहिए। यह मांसपेशियों को मजबूत करते हैं और मेटाबॉलिज्म को तेज करता है।

## सू-दोकू-145

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.144 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

# वोट चोरी का भ्रम फैला रही कांग्रेस : राहुल असरानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा,20 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी दंतेवाड़ा राहुल असरानी ने कहा कि वोट चोरी का कांग्रेस झूठा भ्रम फैला रही है। कांग्रेस को निर्वाचन की मामूली समझ भी नही है, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की तरह कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज भी उसी राह पर चल रहे है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने चुनाव आयोग के चुनाव को लेकर जारी नियमो को पढ़ना चाहिए। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि छत्तीसगढ़ राज्य में सम्पन्न विधानसभा और लोकसभा चुनाव के दौरान श्री बैज ने कांग्रेस पार्टी की तरफ से एक व्यक्ति को निर्वाचन संबंधी कार्यों के लिए अधिकृत किया था, जो छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईओ) जाकर मतदाता सूची कार्य को देखते थे और सब कुछ सही है% कहकर सभी



दस्तावेजों पर दस्तखत तक किए हैं। जब कांग्रेस द्वारा नियुक्त व्यक्ति ने सब कुछ वेरीफाई कर दस्तखत किया है, अब चुनाव सम्पन्न होने के बाद सवाल उठाना बेमानी है।राहुल असरानी ने आगे कहा कि दरअसल कांग्रेस राज्य ही नही देश मे मुद्दों के अभाव से जूझ रही है। इसलिए झूठे और निराधार आरोप लगाकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की असफल कोशिश कर रही है, जिसे देश ही नही प्रदेश की जनता भी भली भांति समझ रही है। राहुल असरानी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली को हटाने की मांग कांग्रेस कर रही है, लेकिन उन्हें यह मालूम होना चाहिए कि पूरे देश में चुनाव आयोग व कार्यालयों में कहीं भी स्थायी नियुक्ति नहीं होती। चुनाव से दौरान अधिकारी कर्मचारी राज्य और केंद्र सरकार प्रतिनियुक्ति पर लिए जाते है। चुनाव के समय जो अधिकारी कार्य करते है, उनके श्रम साध्य का भी कांग्रेस मजाक बना रही है। राहुल असरानी ने कटाक्ष किया कि कांग्रेस के लोगों को तो केवल एक परिवार ही सही लगता है, तो क्या कांग्रेस की मंशा के अनुरूप राहुल गांधी को मुख्य चुनाव आयुक्त बना दें? कांग्रेस जब जब चुनाव हारती है तो अपनी हार का ठीकरा इ वि एम् पर थोपती है , कांग्रेस को इस देश की जनता नकार चुकी है लगातार करारी हार के बाद कांग्रेस अपना मानसिक संतुलन खो चुकी है और अपने नाकामी के लिए आरोप लगाकर मुद्दों की कमी से जूझ रही कांग्रेस पार्टी झूठे आरोपों का सहारा लेना चाहती है ।

## राधा-कृष्ण मंदिर में धूमधाम से मनाया कान्हा का छठी उत्सव



**दंतेवाड़ा 20 अगस्त।** नगर के इकलौते राधा कृष्ण धाम मालती सेवाश्रम में मंगलवार को भगवान श्रीकृष्ण का छठी उत्सव धुमधाम के साथ मनाया गया। सुबह कृष्ण लला की विशेष पूजा आरती हुई तत्पश्चात हवन किया गया। दोपहर में महिलाओं के लिए मटका फोड़ स्पर्धा का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में शामिल होने भारी तादात में श्रद्धालुगण राधा कृष्ण धाम सेवाश्रम पहुंचे थे। विशाल भंडारा (भोज) की व्यवस्था भी की गई थी जहां प्रसाद पाने रिमझिम बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु की भीड़ उमड़ी थी। गौरतलब है कि मांई दंतेश्वरी की नगरी में एकमात्र राधा कृष्ण धाम मंदिर जिला अस्पताल परिसर में स्थित है। उक्त मंदिर का निर्माण सुनीता फैंसी स्टोर्स के संचालक ननकु साहू द्वारा अपनी धर्मपत्नि स्व0 मालती देवी की स्मृति में बनाया गया है। मंदिर परिसर में ही सेवाश्रम भी संचालित है जहां मरीजों के परिजनों के लिए निःशुल्क भोजन, व रूकने की समुचित व्यवस्था सेवाश्रम समिति द्वारा की गई है। मंदिर में हर वर्ष मां मालती सेवाश्रम द्वारा जन्माष्टमी का पर्व धुमधाम के साथ मनाया जाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी 16 अगस्त दिन शनिवार को राधा कृष्ण मंदिर में हर्षोल्लास के साथ कृष्ण लला का जन्मोत्सव मनाया गया था। जन्मोत्सव के दूसरे दिन भी मंदिर में महिला मंडली द्वारा सायंकाल में भक्तिमय कार्यक्रम भजन संध्या का आयोजन किया गया। जन्माष्टमी के चौथे दिन मंगलवार को भगवान श्रीकृष्ण का छठी उत्सव भी उल्लास के साथ मनाया गया। भगवान की छठी के अवसर पर राधा कृष्ण मंदिर की आर्कषक ढंग से सजावट की गई थी। मंदिर में सुबह कृष्ण लला की विशेष पूजा एवं आरती हुई। कान्हा जी को हलवा पूरी का भोग लगाया गया जिसके पश्चात हवन अनुष्ठान किया गया। दुसरे पहर में महिलाओं द्वारा सामुहिक रूप से कृष्ण भक्ति से ओत-प्रोत भजन संगीत गीत गाकर श्रीकृष्ण के लीलाओं का मंचन समेत विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए। सायं 3 बजे महिला मंडली द्वारा मंदिर परिसर में ही मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां महिलाओं ने मटकी फोड़कर हाथी घोडा पालकी, जय कन्हैया लाल की के जयकारे लगाए।

## एक नजर

### साय ने वीसी लेकर की जिलों में लंबित कार्यों की समीक्षा

**कांकेर 20 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज प्रदेश के सभी 05 संभागों के संभागायुक्त एवं 33 जिलों कलेक्टरों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअल बैठक लेकर विभिन्न लंबित कार्यों की समीक्षा की। जिले से कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर इसमें सम्मिलित हुए। वीडियो कांफ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा आज अपरान्ह 03 बजे ली गई, जिसमें पांच एजेंडों पर समीक्षा हुई। इसमें छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन, लोक निर्माण विभाग की सड़कों हेतु भू-अर्जन प्रकरणों का निराकरण, राजस्व विभाग के ई-कोर्ट न्यायालयों में त्वरित निराकरण, एग्रीस्टेक के माध्यम से अधिकाधिक किसानों का पंजीयन एवं फार्मर्स आईडी तथा खरीफ फसलों का डिजिटल फसल सर्वेक्षण (15 अगस्त से 30 सितम्बर तक) पूर्ण करने के संबंध में संभागवार एवं जिलेवार समीक्षा की गई।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी संभागायुक्तों एवं कलेक्टरों को निर्देशित करते हुए कहा कि आम जनता से जुड़े मसलों का त्वरित निराकरण हो यह सभी कलेक्टर सुनिश्चित करें। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग के तहत भू-अधिग्रहण एवं लंबित प्रतिपूर्ति की राशि का शीघ्रातिशीघ्र का भुगतान करें। उन्होंने 15 अगस्त से प्रारंभ हुए छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के लिए जरूरी तैयारियां सुनिश्चित करने और राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए।

### मुख्यमंत्री साय ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से ली कमिश्नर एवं कलेक्टर्स की बैठक

**जगदलपुर, 20 अगस्त ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कमिश्नर एवं कलेक्टर्स की बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रजत महोत्सव आयोजन में जनता की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने कहा। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण सहित रेलवे अंडरब्रिज एवं ओवरब्रिज निर्माण के लिए फारेस्ट क्लियरेंस एवं भू-अर्जन प्रकरणों का निराकरण, ई-कोर्ट में दर्ज राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण, एग्रीस्टेक के माध्यम से किसान पंजीयन प्रगति और खरीफ फसलों का डिजिटल फसल सर्वेक्षण स्थिति की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव द्वय श्री पी. दयानन्द एवं श्री राहुल भगत सहित संस्कृति, लोक निर्माण, राजस्व, वन इत्यादि विभागों के वरिष्ठ उच्च अधिकारी मौजूद रहे। वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कमिश्नर बस्तर श्री डोमन सिंह, कलेक्टर श्री हरिस एस, सीईओ जिला पंचायत श्री प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### न्यायालयीन अधिकारियों के आवास निर्माण के लिए भूमि आबंटन के संबंध में मंगाई दावा-आपति

**जगदलपुर, 20 अगस्त ।** नजूल अधिकारी जगदलपुर के द्वारा जगदलपुर शहर के फेजरपुर स्थित नजूल शीट क्रमांक 66 भू-खण्ड क्रमांक 1/5 क्षेत्रफल 14000 वर्गफुट भूमि को पर न्यायिक अधिकारियों के लिए शासकीय आवासगृह निर्माण हेतु भूमि आबंटन के संबंध में दावा-आपत्ति मंगाई गई है। किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का आपत्ति-दावा हो तो 27 अगस्त तक स्वयं या अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी जगदलपुर में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

### जावंगा ऑडिटोरियम में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

**दंतेवाड़ा, 20 अगस्त ।** जिले में छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वीं वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज ऑडिटोरियम, जावंगा गीदम में आदिवासी विकास विभाग के तत्वाधान में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रमों के पश्चात जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं स्थानीय विधायक श्री चैतराम अटामी ने सभी बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि आज का दिन समस्त छत्तीसगढ़ वासियों और विशेषकर जिलेवासियों के लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है। छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले के आश्रम-छात्रावासों के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारे लिए गौरव का क्षण हैं। उन्होंने अपने संबोधन में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्हीं के अथक प्रयासों से मध्य प्रदेश से पृथक कर छत्तीसगढ़ राज्य का गठन संभव हुआ।

### सीएम व मंत्रियों के विशेष प्रयास से

## किरंदुलवासियों को मिली पेयजल आपूर्ति विस्तार योजना की सौगात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल,20 अगस्त।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, नगरी प्रशासन मंत्री श्री अरुण साव, जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप, बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप एवं दंतेवाड़ा विधायक श्री चेतराम अटामी के विशेष प्रयासों से किरंदुल नगरवासियों को पेयजल आपूर्ति विस्तार योजना की बड़ी सौगात प्राप्त हुई है।

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रूबी शैलेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 9 अगस्त 2025 को स्वीकृत इस योजना के अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डों में शुद्ध पेयजल की 24 घंटे आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए करोड़ों रुपये की राशि मंजूर की गई है।

नगर पालिका परिषद क्षेत्र के वार्डों में पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप लाइन विस्तार, मरम्मत एवं रखरखाव कार्य हेतु 210.28 लाख स्वीकृत। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य नगर के प्रत्येक वार्ड एवं सार्वजनिक स्थानों तक 24 घंटे पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। अब नगर के हर घर तक जल पहुंच सकेगा तथा नागरिकों को जल संकट से मुक्ति मिलेगी।

किरंदुल नगरवासियों के लिए यह योजना किसी वरदान से कम नहीं है। इसके लिए मैं प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी, नगरी प्रशासन मंत्री श्री अरुण साव जी, प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप जी, बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप जी एवं हमारे लोकप्रिय विधायक श्री चेतराम अटामी जी का हृदय से आभार व्यक्त करती हूं। इस सौगात के मिलने से किरंदुल नगरवासियों में खुशी की लहर है और लोगों ने राज्य सरकार एवं जनप्रतिनिधियों का आभार प्रकट किया है।

## हत्या के आरोप में सगा मामा गिरफ्तार

**गरियाबंद,20 अगस्त।** पुलिस ने सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के दर्रीपारा में युवक जयलाल की लाश मिलने के मामले में बड़ा खुलासा किया है. सोमवार को घर के बरामदे में युवक की संदिग्ध परिस्थिति में लाश मिली थी. घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी. डीएसपी और टीआई ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया था. पीएम रिपोर्ट में सिर में चोट लगने और गला घोंटकर हत्या का खुलासा हुआ. युवक का हत्यारा कोई और नहीं बल्कि उसका मामा चंद्राकुमार नायक ही निकला. आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। कोतवाली थाना क्षेत्र के दर्रीपारा के एक घर में युवक की संदिग्ध परिस्थिति में लाश मिली थी. मृतक की पहचान जयलाल निषाद के रूप में हुई थी. जिसके चेहरे और शरीर के कई हिस्सों में चोट के निशान मिले थे. स्थानीय लोगों ने उस वक्त नशे में विवाद के कारण घटना की आशंका जताई थी.

### मामा क्यों बना भांजे का हत्यारा

युवक जयलाल की पीएम रिपोर्ट से सर में चोंट और गला घोट हत्या करने की पुष्टि हुई, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू किया. संदेही मामा चंद्रकुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो उसने बताया कि शराबी भांजे आए दिन घर आकर विवाद करता था. दोनों एक ही गांव में रहते थे. ऐसे में रोज रोज के विवाद से छुटकारा पाने मामा ने वारदात को अंजाम दिया. पुलिस ने हत्यारे मामा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## आत्मसमर्पित नक्सलियों के साथ एसपी ने लगाए पौधे

**सुकमा,20 अगस्त।** जिले के पुलिस लाइन में आत्मसमर्पित नक्सलियों के साथ जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण और वन मंडल अधिकारी अक्षय दिनकर भोसले पौधरोपण किया। इस दौरान आत्मसमर्पित नक्सलियों ने लाइन परिसर में 110 पौधे रोपे। जिले के दोनों अधिकारी ने आत्मसमर्पित नक्सलियों को एक पेड़ मां के नाम रोपे गए पेड़ों के महत्व के बारे में बताया।



आत्मसमर्पित नक्सली मुचाकी हिडमा ने बताया मैंने कुछ दिनों पहले आत्मसमर्पण किया । परिवार से काफी लंबे समय से दूर रहकर नक्सली संगठन में शामिल होकर परेशानियां झेलने का अब समाप्त हो गया। सरकार की नीतियों से काफ़ी प्रभावित हुआ जिसके बाद मैंने आत्मसमर्पण कर दिया तो मुझे काफी सुकुन मिल रहा है। आज एक पेड़ मां के नाम लगाकर जिंदगी की नई शुरूआत किया हुँ। सभी नक्सलियों ने पेड़ लगाये, कभी जिन हाथों में हथियार हुआ करती थीं उन्हीं हाथों से सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के साथ शहीद जवानों के नाम और अपने माँ के नाम एक पेड़ लगाने का मौका मिला।

इस दौरान एसपी किरण चव्हाण, डीएफओ अक्षय भोंसले, एएसपी अभिषेक वर्मा, डीएसपी के के बाजपेई, मोनिका श्याम, शिवानंद तिवारी रक्षक केंद्र प्रभारी और सूबेदार मौजूद थे। सभी ने आत्मसमर्पित नक्सलियों के साथ पौधारोपण किया ।

## मितानिन संघ एवं प्रशिक्षक कल्याण संघ ने किया धरना,प्रदर्शन

**सुकमा, 20 अगस्त।** चुनावी घोषणा पत्र 2023 में किया गया वादा मितानिन कार्यक्रम में कार्यरत मितानिन ,मितानिन प्रशिक्षक हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) अंतर्गत सविलियन के वादे(2)चुनावी घोषणा पत्र 2023 में किया गया वादा मितानिन कार्यक्रम में कार्यरत मितानिन ,मितानिन प्रशिक्षण हेल्प डेस्को फैसिलिटेटर एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर के वेतन/क्षतिपूर्ति में 50त्न वृद्धि करने का वादा, (3) मितानिन कार्यक्रम में कार्यरत मितानिन, मितानिन प्रशिक्षण हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर (एनजीओ) के अंतर्गत नहीं करेंगे कार्य शासन ठेका प्रथा बंद करने का वादा करने के खिलाफ, सरकार से चुनावी घोषणाघोषणा पत्र में किए गए वादों को अपने प्रमुख मांगों को लेकर



आज सुकमा जिला मुख्यालय में भारी संख्या में उपस्थित होकर किया गया ऐतिहासिक धरना प्रदर्शन कलेक्ट्रेट कार्यालय का किया गया घेराव , अपनी महत्वपूर्ण मांगों को लेकर सौंपा गया ज्ञापन।

## गोंडवाना समाज नरहरपुर ने भनसुली में मनाया विश्व आदिवासी दिवस

**नरहरपुर,20 अगस्त।** मुड़ा क्षेत्र डुडुम्बहारा गोंडवाना समाज नरहरपुर के तत्वावधान में ग्राम भनसुली में विश्व आदिवासी दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गोंडवाना समाज के हजारों समाजजन देवी-देवताओं के साथ कलश रैली में शामिल हुए। रैली के पश्चात समाज प्रमुखों की अगुवाई में पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार प्रकृति शक्ति, पेन पुरखा, बुढ़ादेव तथा ग्राम की शीतला माता की सेवा-अर्जी की गई। कार्यक्रम में युवाओं द्वारा मांदरी नृत्य, धुल्की नृत्य, रेला नृत्य और डाडा नृत्य की शानदार प्रस्तुतियों ने वातावरण को उल्लासमय बना दिया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ आदिवासी कांग्रेस नेता सरजू शोरी ने समाजजनों को संबोधित करते हुए विश्व आदिवासी दिवस का महत्व बताया। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन से



लेकर देश की प्रगति में आदिवासी समाज के योगदान को रेखांकित किया तथा शहीद भगवान बिरसा मुंडा जी, वीर शहीद गुंडाधुर जी जैसे समाज जननायकों के बलिदान को याद किया। साथ ही उन्होंने दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, आदिवासी समाज के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख किया। अपने संबोधन में श्री शोरी ने शिक्षा, नशामुक्ति, एकता और संस्कृति संरक्षण पर विशेष बल दिया। उन्होंने वन अधिकार अधिनियम सहित आदिवासी समाज के संवैधानिक अधिकारों पर विस्तृत चर्चा की और समाज को अपने अधिकारों के प्रति सजग व संगठित रहने का आह्वान किया। आयोजन में आदिवासी समाज की एकता और परंपराओं के संरक्षण का सशक्त संदेश दिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष गोंडवाना समाज क्षेत्र डुडुम्बहरा रामलाल कावडे, उपाध्यक्ष शंकर शोरी, कोषाध्यक्ष गंदेव टेकाम, सचिव सुमितराम शोरी, संरक्षक गंगाराम कोडोपी, सहसचिव सिमान्त मण्डावी, सलहकार रामचंद मण्डावी, रोहिदास शोरी, हलाल राम नेताम, जोहिर राम शोरी, रवि कुंजाम, जनपद सदस्य मोनिका नेताम, जनपद सदस्य रीना नेताम, गिरजा नेताम सरपंच दबेना, मिना कुंजाम सरपंच भनसुली, कचरी बाई नेताम सरपंच कुरालठेमली, पियारबती नेताम सरपंच धौराभठा, शेखर सलाम युवा नेता, महिपाल वट्टी युवा नेता, रवि कुंजाम, मनीराम सिन्हा आदि समाज जन उपस्थित थे।

### आदि कर्मयोगी अभियान के संबंध में मीडिया को दी जानकारी

**कांकेर 20 अगस्त।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आज प्रेसवार्ता लेकर शासन द्वारा शुरू की गई 'आदि कर्मयोगी अभियान' के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के अंतर्गत जिले के 552 जनजातीय बाहुल्य ग्राम शामिल हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 02 अक्टूबर 2024 को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया था, इसका प्रमुख उद्देश्य अनुसूचित जनजातियों के विकास एवं कल्याण से जुड़े विभिन्न योजनाओं की संतृप्ति सुनिश्चित करना है।

## डॉ. माणिक विश्वकर्मा बने हिंदी सलाहकार समिति के राष्ट्रीय सदस्य

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के डॉ. माणिक विश्वकर्मा को हिंदी सलाहकार समिति में राष्ट्रीय सदस्य के रूप में चुना गया है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय की अनुमति के बाद नियुक्ति की गई है। देशभर के केवल तीन लोगों को इस राष्ट्रीय समिति में शामिल किया गया है। इस उपलब्धि पर डॉ. माणिक विश्वकर्मा ने केंद्र और छत्तीसगढ़ सरकार का आभार जताया है।

राजभाषा विभाग की संयुक्त सचिव मीनाक्षी जौली ने 8 अगस्त को इस संबंध में आधिकारिक सूचना जारी की गई थी। जिसके बाद अब डॉ.माणिक विश्वकर्मा नवरंग को यह जिम्मेदारी एक गैर- सरकारी सदस्य के रूप में सौंपी गई है। राष्ट्रीय समिति में पूरे देश से केवल तीन सदस्यों को नामित किया गया है, जिनमें डॉ. माणिक विश्वकर्मा के अलावा हरियाणा से नेहा धवन और चेन्नई से श्रीश्री कांथा कन्नन को भी शामिल किया गया है।

### 1971 से हिंदी साहित्य के लिए कर रहे काम

डॉ. माणिक विश्वकर्मा एनटीपीसी कोरबा से उप महाप्रबंधक के पद पर सेवा निवृत्त है। वे वरिष्ठ साहित्यकार, समीक्षक ,लेखक, प्रखर वक्ता एवं नवछंद विधान हिंदकी के निर्माता भी हैं। विश्वकर्मा ने विज्ञान में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल करने के बाद अपना पूरा जीवन हिंदी भाषा, साहित्य के उन्नयन और विकास के लिए समर्पित कर दिया है। वे 1971 से हिंदी भाषा की सेवा और साहित्य सृजन कर रहे हैं। प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं में नियमित रूप से छप रहे हैं।



### राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर हो चुके हैं सम्मानित

डॉ. माणिक विश्वकर्मा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हो चुके हैं। उनकी 15 कृतियाँ प्रकाशित हो चुकी है और पाँच प्रकाशित होनी है। वे पाँच काव्य संग्रहों का संपादन कर चुके हैं। सैकड़ों पत्र- पत्रिकाओं में उनकी रचनाएँ प्रकाशित हो चुकी हैं, 200 से अधिक समीक्षाएँ कर चुके हैं। विगत 44 वर्षों से संकेत साहित्य समिति जिसके वे संस्थापक भी हैं के माध्यम से नये रचनाकारों को बेहतर लिखने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। डॉ. माणिक विश्वकर्मा की भाषा सरल, सुबोश, आकर्षक है। उनकी रचनाएँ - रचना कौशल

### हर मुद्दों पर रखते हैं बात

डॉ. माणिक विश्वकर्मा की रचनाएँ मानव मूल्यों को संपूर्णता प्रदान करती हैं। रचनाओं में नयापन,नयी बानगी,नयी रवानगी,एवं नित नये प्रतीक- बिंबों का प्रयोग उन्हें अन्य रचनाकारों से अलग पहचान दिलाता है। यही उनकी खूबी भी है। आम आदमी की लड़ाई हो या पर्यावरण संरक्षण की बात उन्होंने इस अभियान में हरदम बढ़कर हिस्सा लिया है। तीस वर्षों तक पर्यावरण प्रबंधन एवं प्रदूषण नियंत्रण का कार्य देखते हुये उन्होंने हजारों पेड़ लगवाया है। वे साहित्य जगत में अपने विशिष्ट लेखन शैली एवं प्रस्तुतीकरण के लिये जाने हैं।

### केंद्र और राज्य सरकार का जताया आभार

डॉ. माणिक विश्वकर्मा मंच, प्रकाशन , प्रसारण और व्याख्यान के क्षेत्र में समान रूप से सक्रिय हैं। मानव मूल्यों के पक्षधर कवि के रूप में भी उन्हें ख्याति मिली है। वे राष्ट्र भाषा हिन्दी की सेवा करने को पुनीत कार्य मानते हैं। उन्होंने इस चयन को छत्तीसगढ़ और अपने परिवार के लिए गौरव की बात बताया। उन्होंने कहा- कि मध्य भारत से प्रतिनिधित्व मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात है। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने राज्य सरकार ,केंद्र सरकार और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने शिक्षा में हिंदी की महत्ता को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता भी जताई।

### पहारू राम ने कहा- नए घर ने दी जीवन की सबसे बड़ी खुशी

**जशपुर।** जिले के बगीचा विकासखंड की ग्राम पंचायत पंड्रापाठ के निवासी श्री पहारू राम वर्षों से कच्चे मकान में रह रहे थे। बरसात में टपकती छत, सर्दियों की ठिठुरन और गर्मियों की तपन उनके परिवार के लिए हमेशा की मजबूरी रही। सीमित संसाधनों के कारण पक्का मकान बनाना उनके लिए केवल एक सपना बनकर रह गया था।वर्ष 2023-24 में उन्हें प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत आवास की स्वीकृति मिली। समय पर राशि और सामग्री उपलब्ध होने से उनका मकान बनकर तैयार हुआ और आज वे अपने परिवार के साथ सुरक्षित पक्के घर में रह रहे हैं। पहारू राम भावुक होकर कहते हैं कि नए घर ने मुझे जीवन की सबसे बड़ी खुशी दी है। अब मेरा परिवार मौसम की मार से सुरक्षित है। यह घर हमारे लिए सुरक्षा और सम्मान की नई पहचान है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभारी हूँ।प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के जरूरतमंद परिवारों को पक्का और सुरक्षित घर उपलब्ध कराना है।

इस योजना के माध्यम से पात्र परिवारों को आर्थिक सहायता दी जाती है।

## एसडीएम उमेश साहू ने ग्राम जुनवानी कला में डिजिटल क्रॉप सर्वे का किया निरीक्षण



**महासमुंद 20 अगस्त ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बागबाहरा श्री उमेश कुमार साहू एवं तहसीलदार श्री नीतिन ठाकुर द्वारा आज बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम जुनवानी कला प.ह.नं.-23 में डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान गांव के भूस्वामियों में श्री संतराम, कमलाबाई, कर अंगालाला, सत्यभामा एवं नरेन्द्र कुमार एवं अन्य किसान उपस्थित थे। अधिकारियों ने सर्वे की प्रगति का जायजा लिया और किसानों से उनकी समस्याओं तथा फसलों की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अपने अधीनस्थ सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्वे कार्य को पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए, ताकि किसानों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

### महिला नगर सैनिक भर्ती,चयनित अभ्यर्थियों को 10 सितंबर तक उपस्थित होने के निर्देश

**जगदलपुर, 20 अगस्त ।** जगदलपुर जिले में बालिका आश्रम और छात्रावासों में रह रही बालिकाओं की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 130 महिला नगर सैनिकों की भर्ती प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली गई है। चयनित सभी अभ्यर्थियों का मुख्यालय स्थित जिला सेनानी नगर सेना जगदलपुर के कार्यालय में 01 सितम्बर से 10 सितम्बर तक उपस्थिति ली जाएगी। सभी चयनित अभ्यर्थियों को अपने मूल दस्तावेज के साथ इस दौरान उपस्थित होना होगा।

## एक नजर

### आंगनबाड़ी सहायिका के एक पद के लिए 1 सितम्बर तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़ए 20 अगस्त।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण जिला.रायगढ़ के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र गोरखा क्रण्2 वार्ड क्रण् 43 में कार्यरत आंगनबाड़ी सहायिका श्रीमती चीनी बाई को लंबी अवधि से कर्तव्य से अनाधिकृत अनुपस्थिति के फ्लस्वरूप सेवा समाप्त कर दिये जाने से आण्बाण् सहायिका का पद रिक्त हो गया है। अतरू रिक्त आंगनबाड़ी सहायिका के 1 पद की पूर्ति हेतु 1 सितम्बर 2025 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। आंगनबाड़ी सहायिका की नियुक्ति से संबंधित विस्तृत निर्देश व नियम शर्तों का परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

### कौशल परीक्षा 25 अगस्त को

**रायगढ़, 20 अगस्त।** विकासखंड परियोजना प्रबंधकए क्षेत्रीय समन्वयक तथा लेखा सह एमआईएस सहायक के संविदा पदों पर भर्ती के संबंध में दावा.आपत्ति के उपरांत पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की मेरिट सूची तथा कौशल परीक्षा की जानकारी जारी कर दी गई है।पात्र अभ्यर्थियों की मेरिट सूची जिले के सभी जनपद पंचायतों एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारीए जिला पंचायत रायगढ़ के सूचना पटल तथा जिले की उक्त पदों हेतु कौशल परीक्षा का आयोजन 25 अगस्त 2025 को प्रातरू 10 बजे से उत्तम मेमोरियल कॉलेजए पटेलपालीए रायगढ़ में किया जाएगा। निर्धारित तिथिए समय एवं स्थान पर विलंब से पहुंचने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### लाइवलीहुड कॉलेज में रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण के लिए काउंसिलिंग 21 अगस्त को

**कांकेर, 20 अगस्त।** जिले के बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार स्व-रोजगार से जोड़कर उन्हे सक्षम बनाने के लिए लाइवलीहुड कॉलेज कांकेर में 30-30 सीटों में सोलर तकनीशियन, सुरक्षा गार्ड व रिटेल सेल्स एसोसिएट कोर्स में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। प्रशिक्षण के लिये 21 अगस्त 2025 को लाईवलीहुड कॉलेज गोविन्दपुर कांकेर में प्रातः 10:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक काउंसिलिंग का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में बताया गया कि जिले के ऐसे इच्छुक युवा जिनकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक है, वे शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची, आधार कार्ड, 02 पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ निर्धारित समय में काउंसिलिंग में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते है।

### कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त हुए 38 आवेदन

**कांकेर, 20 अगस्त।**जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर कुल 38 आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया।जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में जनपद पंचायत चारामा के ग्राम पंचायत परसोदा के सरपंच एवं ग्रामीणों द्वारा खनिज न्यास निधि अंतर्गत टिन शेड निर्माण कार्य के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसी प्रकार पूर्व माध्यमिक शाला केंवटीनटोला में नल जल कनेक्शन लगाने, राशि दिलाने, प्राथमिक शाला में शिक्षक की व्यवस्था करने, वृक्ष काटने की अनुमति, सीमांकन कराने, राशन कार्ड बनवाने, दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं आर्थिक सहायता राशि दिलाने समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

### जिले में 860.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़, 20 अगस्त।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 19 अगस्त तक 860.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 1.2 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1022.6 मिली मीटर, पुसौर में 906.7, खरसिया में 776, घरघोड़ा में 887.4, तमनार में 586, लैलूंगा में 765.7, मुकडेगा में 1044.5, धरमजयगढ़ में 760, छाल में 757.2 एवं कापू में 1101.9 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# प्रदेश में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के उन्नयन के लिए सरकार प्रतिबद्ध: मुख्यमंत्री



**रायपुर, 20 अगस्त ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय मंत्रालय महानदी भवन में छत्तीसगढ़ में शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के विषय में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के पदाधिकारियों और विभागीय अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के उन्नयन के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस दिशा सरकार द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत निजी क्षेत्र की सहभागिता से सरकार के कार्यों को बल मिलेगा। बैठक में राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए स्वास्थ्य विभाग और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के मध्य एमओयू सम्पादित किया गया।

बैठक में मुख्यमंत्री श्री साय को अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के पदाधिकारियों आजीविका विकास सहित अन्य क्षेत्रों में किये जा रहे कार्यों के विषय में पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन द्वारा विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री को अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अनुराग बेहार ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा विगत 15 वर्षों से छत्तीसगढ़ में समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में प्रदेश के 9 जिलों में फाउंडेशन द्वारा विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री को अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ में फाउंडेशन की भविष्य की कार्ययोजना से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा अम्बिकापुर में 200-300 बिस्तर का सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल और धर्मजयगढ़ में 100 बिस्तर का सर्व सुविधायुक्त अस्पताल की योजना है। इन अस्पतालों में अस्सी प्रतिशत प्रतिशत मरीजों को पूर्णतः निःशुल्क इलाज की सुविधा प्रदान की जाएगी, जिसका सीधा लाभ आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद लोगों को मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री साय को फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा छत्तीसगढ़ में शासकीय विद्यालयों से दसवीं और बारहवीं की पढ़ाई करने वाली 20 हजार बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। इसके तहत बालिकाओं की ट्यूशन फीस के साथ अन्य खर्चों के लिए प्रतिवर्ष 30 हजार रुपये की राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने फाउंडेशन द्वारा बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने स्कॉलरशिप देने की योजना की सराहना की।

बैठक में मुख्यमंत्री श्री साय को फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा प्रदेश के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शिक्षकों के प्रशिक्षण सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्य संस्थागत रूप से किये जा रहे हैं। इसी क्रम में 6 महीने से 3 साल तक के छोटे बच्चों के लिए राज्य में 400 क्रश (शिशुगृह) संचालित हैं। सभी क्रश में बच्चों को दिन में 3 बार भोजन भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

## डिजिटल क्रॉप सर्वे का निरीक्षण करने जुनवानी पहुंचे कलेक्टर



रायगढ़, 20 अगस्त। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी डिजिटल क्रॉप सर्वे का निरीक्षण करने रायगढ़ तहसील के जुनवानी पहुंचे। सहायक कलेक्टर श्री अक्षय डोसी, अपर कलेक्टर श्री रवि राही और तहसीलदार श्री शिव डनसेना उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने खेत में सर्वेयर द्वारा किए जा रहे डिजिटल क्रॉप सर्वे और एप में ऑनलाइन अपडेट किए जा रहे डाटा की जानकारी ली। उन्होंने स्वयं एक खेत में लगे फसल सर्वे की प्रक्रिया पूरी करते जानकारी अपडेट की। इस दौरान उन्होंने ऐप संचालन को लेकर सर्वेयर से जानकारी ली। उन्होंने सर्वेयर्स से कहा कि गंभीरता और त्रुटिरहित तरीके से सर्वे का सारा कार्य पूरा करें।उल्लेखनीय है कि डिजिटल क्रॉप सर्वे फिल्ड स्तर पर सर्वेयर के माध्यम से किया जा रहा है जिसमें सर्वेयर को स्वयं खेत में जाकर वहां की स्थिति और फसल का विवरण एग्रीटेक एप में दर्ज करना होता है।

# प्री-मैट्रिक केन्द्रीय छात्रवृत्ति के लिए छात्र लॉगिन की अंतिम तिथि 31 अगस्त

**महासमुंद 20 अगस्त ।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में नियमित अध्ययनरत दिव्यांग छात्र-छात्राओं के आवेदन केन्द्रीय छात्रवृत्ति अंतर्गत प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 9 वी, 10 वी एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 11वी, 12वी, तथा टॉप क्लास हायर एजुकेशन छात्रवृत्ति जैसे आई.टी.आई., पॉलिटेक्निक, स्नातक चिकित्सा, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक पाठ्यक्रम स्नातक, पी.एच.डी के नियमित छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते है। आवेदन के लिए 40 प्रतिशत या उससे अधिक के दिव्यांगजन एवं छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हितग्राही पात्र होंगे। साथ ही गत परीक्षा उत्तीर्ण हो, प्री. मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु पालक, अभिभावक का वार्षिक आय 2 लाख रुपए एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु पालक, अभिभावक का वार्षिक आय 2 लाख 50 हजार रुपए होना चाहिए।

उप संचालक समाज कल्याण ने बताया कि केन्द्रीय छात्रवृत्ति के लिए छात्र-छात्राओं की ऑनलाईन प्रविष्टि वेबसाइट https://schorship.gov.in पर किया जाना है। प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक तथा टॉप क्लास हायर एजुकेशन केन्द्रीय छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथियां निर्धारित की गई हैं। जिसमें प्री-मैट्रिक केन्द्रीय छात्रवृत्ति के लिए छात्र लॉगिन की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2025 है। त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संशोधन एवं सत्यापन की अंतिम तिथि 15 सितम्बर 2025 रखी गई है। संस्थान स्तर पर सत्यापन की प्रक्रिया 15 सितम्बर 2025 तक पूर्ण की जाएगी तथा डी.एन.ओ./एस.एन.ओ./एम.एन.ओ. स्तर पर सत्यापन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2025 निर्धारित की गई है।

इसी प्रकार, पोस्ट-मैट्रिक केन्द्रीय छात्रवृत्ति तथा टॉप क्लास हायर एजुकेशन छात्रवृत्ति के लिए छात्र लॉगिन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2025 तय की गई है। इन योजनाओं के अंतर्गत त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों का संशोधन एवं सत्यापन 15 नवम्बर 2025 तक किया जा सकेगा। संस्थान स्तर पर सत्यापन की अंतिम तिथि भी 15 नवम्बर 2025 ही है, जबकि डी.एन.ओ./एस.एन.ओ./एम.एन.ओ. स्तर पर सत्यापन की प्रक्रिया 30 नवम्बर 2025 तक पूर्ण की जाएगी। उक्त निर्धारित तिथि में ऑनलाइन आवेदन भरने के पश्चात प्रिन्ट निकालकर पूर्व प्रधान

### हाईस्कूल और हायर सेकण्डरी द्वितीय मुख्य अवसर परीक्षा का परिणाम घोषित

**रायपुर, 20 अगस्त।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी द्वितीय मुख्य/अवसर परीक्षा वर्ष 2025 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है।हाईस्कूल परीक्षा में कुल 39,583 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए थे, जिनमें से 37,527 ने परीक्षा दी। इनमें 19,622 बालक और 17,905 बालिकाएं शामिल थीं। कुल 37,524 परीक्षार्थियों के परिणाम घोषित किए गए, जिनमें से 12,065 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार हाईस्कूल परीक्षा का उत्तीर्ण प्रतिशत 32.15 रहा। इसमें बालिकाओं का परिणाम 36.17 प्रतिशत और बालकों का 28.47 प्रतिशत रहा।

## समाचार संक्षेप

### मनरेगा का लेबर बजट बनाने जिला जनपद में प्रशिक्षण का आयोजन



**बीजापुर 20 अगस्त ।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में ग्राम पंचायत में जाबकार्डधारी परिवारों को मांग के आधार पर कार्य उपलब्ध कराये जाते हैं। मनरेगा योजनांतर्गत कार्यों की स्वीकृति के लिए ग्राम सभा में अनुमोदन होना आवश्यक है। सभाकक्ष में लेबर बजट के प्रशिक्षण में दी गई। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमति नम्रता चैबे के निर्देशन में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लेबर बजट बनाने हेतु दिया गया। जनपद पंचायत बीजापुर सभाकक्ष में मंगलवार को ग्राम पंचायतों के सरपंच सचिव एवं रोजगार सहायकों को सहायक परियोजना अधिकारी श्री मनीष सोनवानी ने प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के कार्य को प्राथमिकता से लेने एवं ग्राम सभा में कार्यों का प्राथमिकता क्रम तय करने के साथ भौगोलिक क्षेत्र और संसाधनों को दर्शाने मानचित्र निर्माण करने की प्रक्रिया से अवगत कराया।

### साप्ताहिक बैठक में विकास कार्यों की हुई समीक्षा



**बीजापुर 20 अगस्त ।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले में संचालित विकास कार्यो की विस्तृत समीक्षा करते हुऐ आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं केन्द्र एवं राज्य शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार एवं हितग्राहियों को शासन के योजनाओं से लाभान्वित करने को कहा गया।

नियद नेल्लानार योजनान्तर्गत चिन्हाकिंत गांवो में संचालित विकास कार्यो एवं अद्योसंरचना के प्रगति की समीक्षा किया गया। वहीं बिजली, पानी, सड़क कनेक्टिविटी की जानकारी ली। दूरस्थ क्षेत्रों के ग्रामीणों तथा आत्मसमर्पित नक्सली एवं नक्सल पीड़ित परिवार के सदस्यों के आवश्यक दस्तावेज, राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड बनाने में तेजी लाने के निर्देश दिए।

### रोड ठेकेदार के खोदे गड्ढे में गिरने से युवक की मौत

**राजनांदगांव,20 अगस्त।** ठेकेदारों की लापरवाही लगातार आती रहती है ठेकेदार की ऐसी लापरवाही ने पिछली रात आकाश साहू की जान ले ली वार्ड नंबर 34 कन्हारपुरी में ठेके द्वारा रोड में एक गड्ढा खोदा गया था जिसमें बरसात का पानी भरा हुआ था रात को आकाश साहू को गड्ढा नहीं दिखा और गड्ढे में मोटरसाइकिल गिरने से आकाश साहू की मौत हो गई। मोहल्ले वाले बहुत बहुत गुस्से में है और ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई लगभग रात को 11-00 बजे की घटना है गाड़ी सीसीटीवी कैमरे में सीधे गड्ढे में जाती दिख रही है संभावना है कि गड्ढे में गिरने से आकाश साहू को गंभीर चोट आई होगी इसके बाद वह बाहर नहीं निकल पाया और गड्ढे के पानी में पानी में डूबने से आकाश साहू की मौत हो गई है ।

### ढाबे में शराब पीने से मना करने पर शराबियों ने संचालक को पीटा, एफआईआर दर्ज

**बिलासपुर।** न्यायधानी के रायपुर रोड स्थित एक ढाबा में बीती रात शराब पीने से मना करने पर युवकों ने मिलकर ढाबा संचालक की पिटाई कर दी. यह घटना श्री गुरुनानक फैमिली की है. घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें असमाजिक तत्वों द्वारा गुंडागर्दी करते देखा जा सकता है. घटना की शिकायत पर चकरभाठा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैजानकारी के अनुसार, 17 अगस्त को असामाजिक तत्व अंकित तिवारी अपने साथियों के साथ ढाबे में शराब पीने पहुंचा था. वेटर द्वारा शराब पीने से मना करने पर वह नाराज हो गया. इसके बाद 18 अगस्त को अंकित तिवारी अपने दोस्त छोटू कश्यप व अन्य साथियों के साथ दोबारा ढाबे पहुंचा और संचालक के साथ मारपीट कर दी.ढाबा संचालक की पिटाई होते देख स्टाफ बीच-बचाव करने पहुंचा, तो आरोपी वहां से भाग निकले. पूरी घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. वहीं घटना की शिकायत पर चकरभाठा पुलिस ने अंकित तिवारी, छोटू कश्यप और अन्य आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आस्था विद्या मंदिर जावंगा के छात्रों ने दी विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति

**दंतेवाड़ा, 20 अगस्त ।** छत्तीसगढ़ शासन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर शासन के निर्देशानुसार शासन की उपलब्धियों एवं विकास आधारित कार्यक्रमों का श्रृंखलाबद्ध आयोजन प्रारंभ हो चुका है। इस क्रम में जिला दंतेवाड़ा के चारों विकासखण्ड के गीदम, दंतेवाड़ा कुआकोंडा, कटेकल्याण में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुतीकरण के तहत एकल नृत्य (बालक एवं बालिका), सामूहिक नृत्य (बालक एवं बालिका), एकल गीत (बालक एवं बालिका), सामूहिक गीत (बालक एवं बालिका), लोक नृत्य (बालक एवं बालिका), शैक्षणिक गतिविधियां के अन्तर्गत भाषण, चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता, तथा आदिवासी पारंपरिक वेशभूषा की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई।

# बैगा बाहुल्य ग्रामों के पेयजल संकट को दूर करेगी छीरपानी जलाशय आधारित योजना



**रायपुर, 20 अगस्त।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की घोषणा को मूर्त रूप देने और विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा बाहुल्य ग्रामों में वर्षों से चली आ रही पेयजल समस्या को सुलझाने के लिए कबीरधाम जिला प्रशासन ने ठोस कदम उठाए हैं। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने छीरपानी मध्यम जलाशय पर आधारित नई जल प्रदाय योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इस योजना से दलदली ग्राम सहित 20 से 30 गांवों और बैगा बसाहटों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) को निर्देशित किया कि वे तत्काल स्थल निरीक्षण करें और विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि यह देखा जाए कि कौन-कौन से गांव योजना से जुड़ेंगे और उनकी पेयजल आपूर्ति कैसे सुनिश्चित होगी।बैठक में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि छीरपानी मध्यम जलाशय में हर साल पर्याप्त जल भराव होता है और इसकी जल आवक भी पर्याप्त है, सिंचाई कार्य के बाद भी पेयजल के लिए आपूति की जा सकती है। यही कारण है कि यहां से दीर्घकालीन पेयजल आपूर्ति संभव है। कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग को भी तकनीकी परीक्षण और व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने तीन से चार माह पहले सुशासन तिहार के अंतर्गत कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड के अंतिम ग्राम दलदली का दौरा किया था। इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें प्रमुखता से पेयजल संकट की समस्या से अवगत कराया। मुख्यमंत्री श्री साय ने तत्काल संज्ञान लेते हुए स्थानीय कनाई नाला से जल प्रदाय योजना की घोषणा की थी।हालाँकि, जिला प्रशासन और विभागीय टीम द्वारा किए गए निरीक्षण में पाया गया कि कनाई नाला में केवल बरसात के मौसम में ही पानी रहता है। ग्रीष्मकाल में जल प्रवाह लगभग समाप्त हो जाता है, जिससे नियमित और टिकाऊ पेयजल आपूर्ति संभव नहीं है।यही कारण रहा कि कलेक्टर श्री वर्मा ने मुख्यमंत्री की घोषणा को व्यवहारिक रूप देने और स्थायी समाधान के लिए छीरपानी जलाशय पर आधारित नई योजना बनाने का निर्णय लिया।

### 65 ग्रामों के लिए 118.06 करोड़ की योजना प्रस्तावित

बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि उपमुख्यंत्री श्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासो से राज्य शासन को कुसुमघटा, बैजलपुर और राजा नवागांव सहित बोड़ला विकासखंड के 65 ग्रामों में पेयजल आपूर्ति के लिए 118.06 करोड़ रुपए की जल प्रदाय योजना प्रस्तावित की गई

# कार्यशाला में सभी ब्लाक के मास्टर ट्रेनरों को दिया प्रशिक्षण



**महासमुंद 20 अगस्त ।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण श्री हेमन्त नंदनवार की अध्यक्षता में आज सुबह 10:00 बजे से जिला पंचायत भवन महासमुंद में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री विजय कुमार लहरे द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन समय-सीमा में किए जाने हेतु निर्देशित किया। उक्त प्रशिक्षण में श्री कमलनारायण चंद्राकर जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण ने नवसाक्षर व स्वयंसेवी अनुदेशकों की सूची 2025-26 का लक्ष्य विकासखंडवार, लक्ष्य के विरुद्ध पोर्टल में प्रविष्टि की संख्या,. पोर्टल में प्रविष्टि हेतु शेष संख्या, स्थानांतरण से प्रभावित स्कूल यूजर व सर्वेयर की जानकारी, 2025-26 हेतु वास्तविक लक्ष्य संख्या, विकासखंडवार केंद्र संख्या, सितंबर 2025 में परीक्षा में शामिल होने हेतु लक्ष्य संख्या, मार्च 2026 में परीक्षा में शामिल होने हेतु लक्ष्य संख्या, नव साक्षरों हेतु उल्लास केंद्र में प्राप्त पुरानी उल्लास प्रवेशिका की जानकारी, आदर्श उल्लास केंद्र का नाम विकासखंडवार, उल्लास केंद्र संचालन की जानकारी, ''सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा'' वाद विवाद प्रतियोगिता के संबंध में जानकारी प्रदान की। श्रीमती सम्पा बोस ए.पी.सी. एवं जिला नोडल अधिकारी उल्लास कार्यक्रम एवं श्री ईश्वर चन्द्राकर नोडल अधिकारी उल्लास कार्यक्रम महासमुन्द ने जिले के सभी विकासखण्ड से उपस्थित मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने प्रशिक्षण में बताया कि नवसाक्षरों को उल्लास केन्द्र तक किस प्रकार से प्रेरित कर लाया जाए। केन्द्र संचालन व प्राप्त उल्लास प्रवेशिका के रखरखाव के बारे में बताया तथा 10 वी, 12 वी अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को स्वयंसेवी शिक्षक के रूप में चिन्हांकन कर उन्हे 10 अंक बोनस प्राप्त करने में हम किस प्रकार से सहायता प्रदान कर सकते है।

### गोपालपुर एनीकेट से कोडार का पानी प्लांट को देने की तैयारी : विनोद

**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की साय सरकार प्रदेश में लगातार किसानों की उपेक्षा करते हुए उनके अधिकारों का हनन करने पर आमादा हो गई है। महासमुंद जिले के तुमगाँव के समीप खैरझिटी स्थित करणीकृपा स्टील एवं पावर प्लांट को कोडार बांध से पानी देने की योजना क्षेत्र के किसानों के विरोध के बाद विफल होने पर गोपालपुर एनीकेट के माध्यम से कोडार का पानी करणीकृपा प्लांट को देने की योजना बनाई गई है। गोपालपुर एनीकेट को ग्रामीणों के निस्तारी तथा पशुओं के प्यास बुझाने के लिए बनाया गया था। इस एनीकेट से किसानों को भी पानी नहीं दिया जाता। यह एनीकेट कोडारबांध से छोड़े गए पानी से भरता है। जो गर्मी के दिनों में ग्रामीणों तथा पशुओं के निस्तारी का प्रमुख साधन है।

## राज्यपाल रमेन डेका करेंगे समारोह का शुभारंभ,मुख्यमंत्री समापन में करेंगे शिरकत

# 40 वें चक्रधर समारोह का आयोजन 27 अगस्त से 5 सितम्बर तक









**रायगढ़, 20 अगस्त।** देश विदेश में प्रतिष्ठित रायगढ़ के चक्रधर समारोह के 40 वें संस्करण का शुभारंभ 27 अगस्त से होने जा रहा है। 10 दिवसीय समारोह में देश के सुप्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुति देने पहुंचेंगे। छत्तीसगढ़ शासन, संस्कृति विभाग, पर्यटन मण्डल एवं जन सहयोग से जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध 40 वें चक्रधर समारोह 2025 का आयोजन आगामी 27 अगस्त से 5 सितम्बर तक किया जाएगा। समारोह का शुभारंभ राज्यपाल श्री रमेन डेका करेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय समापन समारोह में शिरकत करेंगे। यह भव्य सांस्कृतिक आयोजन प्रतिदिन सायं 7 बजे से रामलीला मैदान रायगढ़ में होगा।

समारोह का शुभारंभ 27 अगस्त को गणेश वंदना के साथ होगा, जिसे स्वर्गीय वेदमणि सिंह ठाकुर के शिष्यों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। इसके पश्चात दिल्ली से आए पंडित राजेन्द्र गंगानी कथक नृत्य की प्रस्तुति देंगे और प्रसिद्ध कवि डॉ.कुमार विश्वास अपनी ओजस्वी काव्य प्रस्तुति से श्रोताओं को भावविभोर करेंगे। द्वितीय दिवस 28 अगस्त को श्रीमती पूजा जैन रायगढ़ द्वारा कथक, सुश्री राजनंदिनी पटनायक रायगढ़ द्वारा ओडिशी, श्रीमती प्रियंका सलूजा बिलासपुर द्वारा कथक, डॉ.राखी रॉय भिलाई द्वारा भरतनाट्यम एवं सुश्री देविका देवेन्द्र एस मंगलामुखी आगरा द्वारा कथक की प्रस्तुति दी जाएगी। तृतीय दिवस 29 अगस्त को सुश्री राधिका शर्मा रायपुर एवं सुश्री अंजली शर्मा पुणे द्वारा कथक, गुरू श्रीमती बाला विश्वनाथ बेंगलोर द्वारा भरतनाट्यम, सुश्री आरू साहू धमतरी द्वारा छत्तीसगढ़ी लोकगीत एवं महाराष्ट्र के पं.योगेश शम्सी तबला पर प्रस्तुति देंगे। 30 अगस्त को प्रो.डॉ.लवली शर्मा खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय द्वारा सितार वादन, सुश्री इशिका गिरी रायपुर द्वारा कथक, सुश्री भूमिसुता मिश्रा एवं सुश्री लिप्सा रानी बिस्वाल रायपुर द्वारा ओडिसी, श्रीमती श्वेता वर्मा लखनऊ द्वारा कथक, पद्मश्री राधेश्याम बारले भिलाई द्वारा पंथी एवं जनाब अनीस साबरी दिल्ली द्वारा कव्वाली की प्रस्तुति दी जाएगी। 31 अगस्त को सुश्री आद्या पाण्डेय भिलाई द्वारा भरतनाट्यम, सुश्री शैल्वी सहगल रायगढ़ द्वारा कथक, सुश्री अन्विता विश्वकर्मा रायपुर द्वारा शास्त्रीय नृत्य शैली, डॉ.कृष्ण कुमार सिन्हा राजनांदगांव कथक पर प्रस्तुति देंगे। इसी दिन कवि सम्मेलन होगा जिसमें प्रदेश के प्रतिष्ठित कवियों द्वारा (चिराग जैन एंड कं.), दिल्ली एवं श्री बंशीधर मिश्रा (हास्य कवि) बिलाईगढ़ द्वारा काव्य पाठ किया जाएगा।01 सितम्बर को डॉ.योगिता मांडलिक इंदौर द्वारा कथक, श्री भूपेन्द्र बरेठ एवं ग्रुप बिलासपुर द्वारा कथक, डॉ.विपुल रॉय दिल्ली द्वारा संतूर वादन एवं श्री नितिन दुबे एवं ग्रुप रायगढ़ लोक गायन पर प्रस्तुति देंगे। 02 सितम्बर को कुमारी काजल कौशिक बिलासपुर द्वारा कथक, श्री नरेन्द्र गुप्ता रायगढ़ द्वारा काव्य पाठ, श्री सचिन कुम्हरे कबीरधाम द्वारा कथक, श्रीमती छाया चंद्राकर एवं समूह रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक संगीत एवं खैरागढ़ के श्री दीपक दास महंत तबला वादन पर प्रस्तुति देंगे। 03 सितम्बर को श्री अर्नव चटर्जी मुंबई द्वारा गायन, श्रीमती वासंती वैष्णव एवं समूह बिलासपुर द्वारा कथक, श्रीमती अजीत कुमारी कुजूर रायपुर द्वारा भरतनाट्यम, श्रीमती निलांगी कालान्तरे जबलपुर मध्यप्रदेश द्वारा कथक एवं अबुझमाड़ के श्री मनोज प्रसाद मलखम्ब का प्रदर्शन करेंगे।04 सितम्बर को कुमारी नित्या शर्मा सतना द्वारा कथक (लखनऊ घराना), सुश्री यामी वैष्णव सारंगढ़ द्वारा कथक, श्री मोहित शास्त्री मुम्बई द्वारा बांसुरी वादन, कलईमामणि गुरू श्रीमती गोपिका वर्मा चेन्नई द्वारा मोहिनीअट्टम एवं श्रीमती कविता वासनिक एवं ग्रुप दुर्ग छत्तीसगढ़ी लोकरंग पर प्रस्तुति देंगी। समापन दिवस 5 सितम्बर को पद्मश्री डॉ.नलिनी कमलिनी अस्थाना दिल्ली द्वारा कथक एवं प्रसिद्ध गायक पद्मश्री कैलाश खेर, मुम्बई गायन की प्रस्तुति देंगे।

### 1 से 3 सितम्बर तक होगी कुश्ती एवं कबड्डी प्रतियोगिता

चक्रधर समारोह के अंतर्गत 1 से 3 सितम्बर तक मोतीमहल परिसर, रायगढ़ में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने हेतु कुश्ती एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें राष्ट्रीय एवं स्थानीय स्तर के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

# क्या तीनों फॉर्मेट में भारत के कप्तान बनेंगे गिल

## टी-20 और वनडे में उप कप्तान बने, टेस्ट में मिल चुकी है कमान



**नई दिल्ली, 20 अगस्त।** मंगलवार को BCCI ने एशिया कप के लिए भारत की टी-20 टीम घोषित की। सोमवार तक कई मीडिया रिपोर्ट्र्स और एक्सपर्ट्स दावा कर रहे थे कि शुभमन गिल को टी-20 टीम में मौका तक नहीं मिलेगा। हालांकि, जब टीम अनाउंस हुई तो गिल को न सिर्फ मौका मिला, बल्कि उन्हें उप कप्तान भी बना दिया गया।

शुभमन को इसी साल टेस्ट टीम की कमान सौंपी गई। उन्हें पिछली ICC चैंपियंस ट्रॉफी में वनडे टीम का उप कप्तान भी बनाया गया था। अब टी-20 टीम में भी लीडरशिप रोल देकर BCCI ने साफ कर दिया है कि शुभमन जल्द ही तीनों फॉर्मेट में भारत के कप्तान बना दिए जाएंगे।

टी-20 फॉर्मेट में कप्तानी कर चुके हैं 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद टीम इंडिया जिम्बाब्वे दौरे पर गई। जहां शुभमन गिल को ही कप्तान बनाया गया। श्रीलंका में अगली सीरीज हुई, जहां सूर्यकुमार यादव को कप्तानी और शुभमन को उप कप्तानी सौंपी गई। यानी मैनेजमेंट ने गिल को लीडरशिप की जिम्मेदारी देने का मन बना लिया था। बांग्लादेश, साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ बिजी शेड्यूल के कारण शुभमन को टी-20 टीम में मौका नहीं मिला। इस कारण अक्षर पटेल को उप कप्तान बनाया गया। अब जब एशिया कप के दौरान कोई और टूर्नामेंट नहीं है, इसलिए शुभमन को टीम में मौका भी मिला और उन्हें उप कप्तान भी बना दिया गया। टेस्ट कप्तानी में इंग्लैंड में सीरीज ड्रॉ कराई इसी साल में मई में टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा और दिग्गज विराट कोहली ने संन्यास ले लिया। जिसके बाद शुभमन गिल को टीम इंडिया का नया टेस्ट कप्तान बनाया गया। इंग्लैंड के खिलाफ पहली ही सीरीज में उन्होंने इस मौके को भुनाया और टीम को 2 मुकाबले जिताए। शुभमन ने बैट से भी अपना फॉर्म साफ जाहिर कर दिया और 750 रन बना दिए। शुभमन की कप्तानी में इंग्लैंड में सीरीज 2-2 से ड्रॉ कराई। इंग्लैंड सीरीज के साथ उन्होंने दर्शा दिया कि वे लंबे समय तक इस फॉर्मेट में टीम की कप्तानी करने के लिए तैयार हैं।

वनडे टीम के कप्तान भी जल्द ही बन जाएंगे चैंपियंस ट्रॉफी में शुभमन को उप कप्तान बनाए जाने से साफ हो गया कि वनडे में रोहित शर्मा के बाद गिल ही कमान संभालेंगे। कुछ मीडिया रिपोर्ट्र्स में दावा भी किया जा रहा है कि उन्हें इसी साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान कप्तान बना दिया जाएगा। कुछ एक्सपर्ट्स का मानना है कि 2027 में वनडे वर्ल्ड कप तक रोहित ही कप्तान बने रहेंगे। वहीं वर्ल्ड कप के बाद शुभमन इस फॉर्मेट में भी टीम की कमान संभाल लेंगे। गिल वनडे बैटर्स रैंकिंग में नंबर-1 बल्लेबाज हैं और इस फॉर्मेट में उनकी जगह भी पक्की है। ऐसे में देखना अहम होगा कि शुभमन को वनडे फॉर्मेट का कप्तान कब बनाया जाएगा।

2026 के बाद टी-20 की कप्तानी मिल सकती है टी-20 फॉर्मेट में सूर्यकुमार यादव 2026 के टी-20 वर्ल्ड कप तक तो कमान संभालते नजर आएंगे। हालांकि, ऐसा जरूरी नहीं कि टूर्नामेंट के बाद भी उन्हें ही कमान मिले। अगर भारत ICC टूर्नामेंट जीत गया तो सूर्या आगे भी कन्टीन्यू कर सकते हैं, लेकिन टीम टाइटल डिफेंड नहीं कर सकी तो वर्ल्ड कप के ठीक बाद शुभमन को कमान सौंपी जा सकती है। सूर्या बतौर प्लेयर टीम का हिस्सा बने रहेंगे।

शुभमन भारत की टी-20 कप्तानी कर चुके हैं और उन्हें IPL में गुजरात टाइटंस को 2 सीजन तक लीड करने का अनुभव भी है। पिछले सीजन तो उन्होंने टीम को प्लेऑफ में भी जगह दिलाई। हालांकि, टीम एलिमिनेटर में हारकर बाहर हो गई।

रिकॉर्ड्र्स को देखते हुए वे लंबे समय तक गुजरात की कमान संभालते नजर आएंगे। कोहली के नक्शे कदम पर गिल को रख रही है BCCI 2012-13 में जब विराट कोहली ने खुद को तीनों फॉर्मेट में भारत की टीम में पक्का कर लिया था, तब उन्हें ही हर फॉर्मेट में एमएस धोनी का डिप्टी बनाया गया।

# शूटर मनु भाकर का नाम पद्मश्री के लिए भेजा गया

## पिछली बार खेल रत्न मिला था



**नई दिल्ली, 20 अगस्त।** 23 साल की इस निशानेबाज ने 4 दिन पहले देश के चौथा सबसे बड़े अवॉर्ड के लिए आवेदन किया। पिछले साल यह अवॉर्ड दिग्गज स्पिनर आर अश्चिन और पूर्व हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश को मिला था। मनु को इसी साल 17 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खेल रत्न से नवाजा था। मनु भाकर ने पिछले साल अगस्त-सितंबर में पेरिस ओलिंपिक गेम्स में डबल ओलिंपिक मेडल जीते थे। वे 10 मीटर एयर पिस्टल इंडीविजुअल और मिक्स्ड डबल्स में तीसरे स्थान पर रहीं। उनके दो मेडल के दम पर भारत ने पेरिस ओलिंपिक में कुल 6 मेडल जीते थे। मनु ने पिछले साल भी पद्मश्री के लिए आवेदन किया था, लेकिन उन्हें यह अवॉर्ड नहीं मिला था। बताया जा रहा है कि तब खेल मंत्रालय ने पीआर श्रीजेश और पूर्व क्रिकेटर आर अश्विन का नाम इस अवॉर्ड के लिए रिकमेंड कर दिया था।विवाद होने पर मनू भाकर को खेल रत्न अवॉर्ड दिया गया है। मनु भाकर ने कजाकिस्तान में चल रही एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। मनु भाकर ने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में 219.7 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया है।

फाइनल में चीन की मा चियान्के ने 243.2 अंक हासिल किए और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वहीं दक्षिण कोरिया की यांग जीइन ने 241.6 अंक लेकर सिल्वर मेडल जीता है।

# टेस्ट में 600 से ज्यादा विकेट ले चुका धाकड़ गेंदबाज अब कोचिंग में आजमाना चाहता है हाथ



इंग्लैंड के दिग्गज गेंदबाज रहे स्टुअर्ट ब्रॉड अब कोचिंग में हाथ आजमाना चाहते हैं। वह इंग्लैंड की युवा प्रतिभाओं को निखारना और संवारना चाहते हैं। उन्होंने अपनी दूसरी हसरत क्रिकेट कॉमेंट्री करने की बताई है। उन्होंने कहा कि उन्हें रवि शास्त्री का अंदाज बहुत भाता है। इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड कोच की भूमिका निभाने की योजना बना रहे हैं जहां वह एक दिन जोफ्रा आर्चर और जिमी एंडरसन जैसे गेंदबाज तैयार कर सकें। टेस्ट क्रिकेट में अपने हमवतन एंडरसन के बाद दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज ब्रॉड ने कहा कि उन्होंने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के प्रबंध निदेशक रॉब की से बात की है और अंडर-17 के साथ-साथ अंडर-19 खिलाड़ियों को तैयार करने की इच्छा व्यक्त की है।

टेस्ट क्रिकेट में 604 विकेट लेने वाले ब्रॉड ने द टेलीग्राफ से कहा, ''निश्चित रूप से में कोचिंग से जुड़ना चाहता हूं। मैंने रॉब की से इस बारे में बात की है कि जब कार्यक्रम अनुकूल हो तो मैं इंग्लैंड की टीम में युवा गेंदबाजों के साथ काम करना चाहता हूं।''

ब्रॉड ने कहा कि हालांकि उन्होंने कोचिंग में कदम रखने के लिए कोई समयसीमा तय नहीं की है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि वह अगले साल की शुरुआत में कोचिंग से जुड़ सकते हैं।

उन्होंने कहा, ''मैंने कोचिंग के लिए कोई लक्ष्य या तारीख या भविष्य के बारे में कुछ तय नहीं किया है, लेकिन पूरी संभावना है कि अगले साल से मैं कोचिंग में अधिक समय दे सकता हूं।''

ब्रॉड के लिए कोचिंग नई चीज नहीं है। वह लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से पहले दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम के गेंदबाजी सलाहकार थे।

# एशिया कप के लिए भारतीय हॉकी टीम का ऐलान, हरमनप्रीत को कमान

**पिछले साल पेरिस ओलिंपिक में ब्रॉन्ज जिताया था**



**नई दिल्ली, 20 अगस्त।** एशिया कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। हॉकी इंडिया ने बुधवार को टीम जारी की। पेरिस ओलिंपिक में भारत को ब्रॉन्ज जिताने वाले हरमनप्रीत सिंह को टीम की कमान सौंपी कई है। कृष्णा बहादुर पाठक और सुरज केरकेटा को दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश की जिम्मेदारी सौपी गई है। श्रीजेश ने पिछले साल ओलिंपिक में ब्रॉन्ज जीतने के बाद रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया था।

सुमित, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास और जुगराज सिंह को रक्षा पंक्ति में रखा गया है, जबकि मंदीप सिंह, शैलेंद्र लाकरा, अभिषेक और दिलप्रीत जैसे नाम फरवर्ड लाइन में हैं। मनप्रीत सिंह और विवेक सागर प्रसाद को मिडफील्डर्स में रखा गया है।

**भारतीय हॉकी टीम :**

गोलकीपर्स : कृष्ण बहादुर पाठक, सुरज केरकेटा। डिफेंडर्स : सुमित, जरमनप्रीत सिंह, संजय, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), अमित रोहिदास, जुगराज सिंह। मिडफील्डर्सः राजिंदर सिंह, राज कुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद। फॉरवर्ड : मंदीप सिंह, शैलेंद्र लाकरा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह। अल्टर्नेट ऑप्शनः नीलम संजीप, सेल्वम करथी।

**एशिया कप जीतने वाली टीम को वर्ल्ड कप का टिकट**

एशिया कप से हटने के साथ ही पाकिस्तान ने वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करने का एक मौका गंवा दिया है। दरअसल, एशिया कप जीतने वाली टीम को वर्ल्ड कप का टिकट मिलता है। हॉकी का अगला वर्ल्ड कप 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में खेला जाएगा।

एशिया कप हॉकी की शुरुआत 1982 में पाकिस्तान के कराची में हुई थी। तब से लेकर अब तक यह टूर्नामेंट एशियाई हॉकी का सबसे प्रतिष्ठित आयोजन बना हुआ है। इसके इतिहास में सबसे सफल टीम दक्षिण कोरिया रही है, जिसने पांच बार यह खिताब अपने नाम किया है।

# पृथ्वी शॉ ने डेब्यू मैच में कर दिया कमाल

**चेन्नई, 20 अगस्त।** चेन्नई में इन दिनों बुची बाबू टूर्नामेंट के मुकाबले खेले जा रहे हैं। टूर्नामेंट का तीसरा मैच महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के बीच खेला जा रहा है। इस मैच में महाराष्ट्र के लिए खेलते हुए पृथ्वी शॉ ने शानदार शतक लगाया है। यह महाराष्ट्र के लिए शॉ का डेब्यू मैच है। इससे पहले वह घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए खेलते थे। छत्तीसगढ़ के खिलाफ इस मैच में उन्होंने 141 गेंदों में 15 चौके और एक छक्के (कुल 16 चौके-छक्के) की मदद से 111 रन बनाए। इस मुकाबले में महाराष्ट्र की शुरुआत बेहद शानदार रही। पृथ्वी शॉ और सचिन दास ने पहले विकेट के लिए 71 रन जोड़े, जिसमें से 55 रन शॉ ने बनाए थे।

## संक्षेप

### टोयोटा की ऑल-न्यू कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल

**मुंबई, 20 अगस्त।** टोयोटा की 5वीं पीढ़ी की हाइब्रिड टेक्नोलॉजी और हाई-कैपेसिटी लिथियम-आयन बैटरी द्वारा संचालित यह कार 25.49 किलोमीटर प्रति लीटर के क्लास-में-सर्वश्रेष्ठ माइलेज के साथ दमदार प्रदर्शन और स्थायी मोबिलिटी दोनों देती है। इसमें अपग्रेडेड 2.5L डायनेमिक फोर्स इंजन है, जो शक्ति और चिकनापन का संतुलन देता है और ड्राइविंग को मज़ेदार बनाता है। नवीनतम Toyota Safety Sense 3.0 (TSS 3.0) और 9 SRS एयरबैग [फ्रंट ड्राइवर व पैसेंजर, फ्रंट साइड, रियर साइड, कर्टन शील्ड, ड्राइवर नी] के साथ उन्नत सुरक्षा व सुविधा देकर सभी यात्रियों के लिए सुरक्षित और निश्चिंत यात्रा सुनिश्चित करता है।"एनर्जेटिक ब्यूटी" कांसेप्ट पर डिजाइन किया गया है – नया बोल्ड लुक, री-डिज़ाइन किया हुआ फ्रंट बम्पर और ऊँचा-चौड़ा लोअर ग्रिल सड़क पर जबरदस्त मौजूदगी दिखाते हैं।

उन्नत टेलीमैटिक्स से लैसः इसमें डेटा कम्युनिकेशन मॉड्यूल (DCM), रिमोट AC पैकेज और 12.3-इंच का मल्टीमीडिया सिस्टम (एंटरटेनमेंट व ऐप्स सहित) शामिल हैं। 12.3-इंच मल्टी-इनफॉर्मेशन डिस्प्ले (MID) – पूर्ण ग्राफिक मीटर जो जीवंत ग्राफिक्स और बेहतरीन डिस्प्ले गुणवत्ता प्रदान करता है। ऑल-न्यू कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल देशभर में एक समान एक्स-शोरूम कीमत ₹48,00,000/- पर उपलब्ध है।

# 2030 तक दोगुना होगा भारत का एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स उद्योग

**67 लाख नौकरियां होंगी पैदा**



**नई दिल्ली, 20 अगस्त।** ईआईसीआई की रिपोर्ट के अनुसार भारत का एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स उद्योग वित्त वर्ष 30 दोगुना होकर 18 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। आने वाले वर्षों में इस उद्योग से 65 से 67 लाख नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है।

भारत का एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स उद्योग वित्त वर्ष 30 तक दोगुना आकार ले सकता है। एक्सप्रेस इंडस्ट्री काउंसिल ऑफ इंडिया (EICI) और केपीएमजी की एक संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार, यह उद्योग वित्त वर्ष 2025 के लगभग 9 अरब डॉलर से बढ़कर वित्त वर्ष 2030 तक 18 से 22 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। यह 12 से 15 प्रतिशत सीएजीआर की दर से बढ़ रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है आने वाले वर्षों में इस उद्योग से 65 से 67 लाख नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स उद्योग लॉजिस्टिक्स का एक भाग है। यह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्थानों पर माल की समयबद्ध, तेज और विश्वसनीय आवाजाही से संबंधित है। यह कुशल प्रणालियों के माध्यम से त्वरित परिवहन सुनिश्चित करता है। उद्योगों, व्यवसायों और उपभोक्ताओं को उनकी तत्काल डिलीवरी जरूरतों में सहायता करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इसमें कहा गया है कि देश के विकास में प्रमुख भूमिका निभाते रहने के लिए उद्योग और सरकार दोनों को पांच स्तंभों पर काम करते रहना होगा। इनमें तेजी से बदलते हालात के अनुसार ढलने की क्षमता, कार्यकुशलता में बढ़ोतरी, ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण, टिकाऊ विकास पर फोकस और मजबूत नीतिगत व नियामकीय ढांचा शामिल हैं। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि इन बुनियादी तत्वों पर निरंतर काम करने से उद्योग का दीर्घकालिक विस्तार संभव होगा।

एक्सप्रेस उद्योग के प्रमुख कारक

रिपोर्ट के मुताबिक, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मा जैसे क्षेत्रों में विनिर्माण की तेज वृद्धि, डिजिटल पहुंच का विस्तार, बढ़ता विवेकाधीन खर्च और ई-कॉमर्स का तेज प्रसार इस क्षेत्र की मजबूती के प्रमुख कारक रहे हैं। इन कारकों ने मिलकर एक्सप्रेस उद्योग को निरंतर विस्तार की दिशा दी है। केंद्रीय बजट 2025-26 ने इस क्षेत्र को और बढ़ावा दिया है, जिसमें भारतीय डाक को एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स संगठन में बदलना, बीटीएन की शुरुआ उड़ान योजना में संशोधन, घरेलू उत्पादन क्षमताओं में वृद्धि और कार्गो हैंडलिंग में बुनिय ढांचे और प्रक्रिया में सुधार जैसी पहल शामिल हैं।

# भारत पर रूसी कच्चा तेल न खरीदने के लिए अमेरिकी दबाव को रूस ने बताया गलत

**नई दिल्ली 30 अगस्त।** रूसी कच्चे तेल की खरीद के लिए भारत पर अमेरिका का दबाव "अनुचित" है। एक वरिष्ठ रूसी राजनयिक ने बुधवार को यह बात कही। रूसी मिशन के उप प्रमुख रोमन बाबुश्किन ने कहा, हमें विश्वास है कि बाहरी दबाव के बावजूद भारत-रूस ऊर्जा सहयोग जारी रहेगा। रूस के राजनयिक ने कहा है कि यह भारत के लिए एक "चुनौतीपूर्ण" स्थिति है और हमें नई दिल्ली के साथ अपने संबंधों पर "भरोसा" है। रूसी राजनयिक ने कहा कि वाशिंगटन भारत को मित्र देश कहता है, पर दोस्त ऐसा व्यवहार नहीं करते।

रूस के विरुद्ध पश्चिमी देशों के दंडात्मक उपायों पर बाबुश्किन ने कहा कि प्रतिबंध उन लोगों पर ही प्रहार कर रहे हैं जो इन्हें लगा रहे हैं। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक उथल-पुथल के बीच स्थिरता लाने वाली ताकत के रूप में ब्रिक्स की भूमिका बढ़ेगी। उनकी यह टिप्पणी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ को दोगुना कर 50 प्रतिशत करने के बाद भारत और अमेरिका के बीच संबंधों में तनाव की पृष्ठभूमि में आई है। इसमें रूसी कच्चे तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त जुर्माना भी शामिल है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने इस महीने एक कार्यकारी आदेश जारी कर नई दिल्ली द्वारा रूसी तेल की निरंतर खरीद के लिए दंड के रूप में भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया। रूस से कच्चे तेल की खरीद का बचाव करते हुए भारत यह कहता रहा है कि उसकी ऊर्जा खरीद राष्ट्रीय हित और बाजार की गतिशीलता से प्रेरित है। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के बाद पश्चिमी देशों द्वारा मास्को पर प्रतिबंध लगाने और उसकी आपूर्ति बंद करने के बाद भारत ने छूट पर बेचे जाने वाले रूसी तेल को खरीदना शुरू कर दिया। इसके कारण, 2019-20 में कुल तेल आयात में मात्र 1.7 प्रतिशत हिस्सेदारी से, 2024-25 में रूस की हिस्सेदारी बढ़कर 35.1 प्रतिशत हो गई और अब यह भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता है।

एकतरफा कार्रवाई से आपूर्ति शृंखला में आ सकता है व्यवधान

अमेरिकी व्यापार सलाहकार की भारत को रूसी तेल खरीदना बंद करने की सलाह पर, भारत में रूसी दूतावास के प्रभारी रोमन बाबुश्किन ने कहा, "...रूस तेल का सबसे बड़ा उत्पादक है और भारत सबसे बड़ा उपभोक्ता है। किसी भी प्रकार की एकतरफा कार्रवाई से आपूर्ति शृंखलाओं में व्यवधान, मूल्य निर्धारण नीतियों में असंतुलन और वैश्विक बाजारों में अस्थिरता पैदा होती है। इससे विकासशील देशों की ऊर्जा सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है। मान लिए भारत रूसी तेल लेने से इनकार कर देता है, तो इससे पश्चिम के साथ समान सहयोग नहीं हो पाएगा क्योंकि यह पश्चिमी स्वभाव में नहीं है, जो हाल के वर्षों में स्पष्ट रूप से देखा गया है।

# नए जमाने के हथियार विचार और इनोवेशन हैं: गौतम अदाणी

**नई दिल्ली, 20 अगस्त।** गौतम अदाणी ने कहा कि भारत ने भले ही 1947 में राजनीतिक बंधनों की बेड़ियां तोड़ दी थीं, लेकिन 2025 में भी आयातित सेमीकंडक्टर, ऊर्जा और सैन्य प्रणालियों पर निर्भरता के कारण यह बाहरी शक्तियों के सामने असुरक्षित बना रहेगा। अदाणी ने कहा कि आज के युद्ध बंदूकों से नहीं, डेटा और एल्गोरिदम से लड़े जाते हैं।

अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने सोमवार को आईआईटी खड़गपुर के छात्रों को संबोधित किया।

आईआईटी छात्रों को "भारत के नए स्वतंत्रता सेनानी" बताते हुए, गौतम अदाणी ने कहा कि उनके हथियार विचार और इनोवेशन हैं। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वह राष्ट्र निर्माण का मार्ग चुनें। उन्होंने कहा, "एक रास्ता आपको वेतन तक ले जाती है। दूसरा आपको विरासत तक ले जाता है और सिर्फ एक रास्ता है जो भारत निर्माण के गौरव की राह दिखाता है। उन्होंने 16 साल की उम्र में घर छोड़कर मुंबई जाने के सफर से लेकर भारत के सबसे बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी समूह के निर्माण के अपने सफर का उदाहरण भी दिया।

# वेदांता के लिए बुरा दिन: सरकार-सेबी और सुप्रीम कोर्ट से मिला झटका, शेयर भी गिरे

**मुंबई, 20 अगस्त।** वेदांता के लिए बुधवार बुरा दिन रहा। कंपनी के शेयरों में तेज गिरावट देखने को मिली। इस गिरावट के मुख्य कारण कंपनी हैं, सेबी, सरकार और सुप्रीम कोर्ट से कंपनी को मिले झटके। वेदांता के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) पर 2.56% गिरकर ₹438.55 प्रति शेयर पर पहुंच गए।

वेदांता के लिए बुधवार बुरा दिन रहा। कंपनी के शेयरों में तेज गिरावट देखने को मिली। इस गिरावट के मुख्य कारण कंपनी हैं, सेबी, सरकार और सुप्रीम कोर्ट से कंपनी को मिले झटके। वेदांता के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) पर 2.56% गिरकर ₹438.55 प्रति शेयर पर पहुंच गए। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (NCLT) ने वेदांता समूह की प्रस्तावित डीमर्जर योजना पर सुनवाई सितंबर महीने के 17 तारीख तक के लिए टाल दी है। यह फैसला केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए "गंभीर आपत्तियों" के बाद लिया गया है। सरकार ने तर्क दिया कि इस योजना में महत्वपूर्ण जानकारियाँ छुपाई गई हैं, राजस्व को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया गया है और देनदारियों (liabilities) को छिपाया गया है। सरकार का मानना है कि इससे उसके लिए वेदांता से बकाया राशि वसूलना मुश्किल हो सकता है।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) ने भी वेदांता पर कार्रवाई करते हुए एक प्रशासनिक चेतावनी जारी की है। सेबी ने कहा कि वेदांता ने स्टॉक एक्सचेंजों और सेबी से नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (NOC) मिलने के बाद अपनी डीमर्जर योजना में बदलाव किए, जो कि अपने मास्टर सर्कुलर का एक "गंभीर उल्लंघन" है। सेबी ने कहा कि ऐसे बदलावों की जानकारी कंपनी के बोर्ड को दी जानी चाहिए थी। एक और बड़ा झटका वेदांता को सुप्रीम कोर्ट से मिला। कंपनी ने अपने पंजाब स्थित तलवंडी साबो पावर प्रोजेक्ट के लिए अतिरिक्त मुआवजे की मांग करते हुए याचिका दायर की थी। कंपनी 'डीम्ड एक्सपोर्ट' के लाभ वापस लिए जाने को चुनौती दे रही थी।

# 'चीनी ढील के बीच भारत को आत्मनिर्भरता पर देना होगा जोर'



**नई दिल्ली, 20 अगस्त।** चीन की ओर से निर्यात प्रतिबंधों में ढील का कदम स्वागत के योग्य है लेकिन व्यापार चुनौतियों के बीच आत्मनिर्भरता ही भारत का एकमात्र सहारा है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने एक रिपोर्ट में यह सुझाव दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत चीनी आयात पर अपनी गहरी आर्थिक निर्भरता को नजरअंदाज नहीं कर सकता।

दरअसल, चीन ने रेयर अर्थ मेटल पर प्रतिबंध लगा दिया था, इससे भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में हलचल मच गई थी। जून में चीनी बैटरी दिग्गज CATL ने फॉक्सकॉन के चेन्नई प्लांट से अपने इंजीनियरों को वापस बुला लिया था, इससे परिचालन पर असर पड़ा था।

हालिया ढील के बावजूद, आर्थिक असंतुलन गहरा बना हुआ है। वित्त वर्ष 2025 में चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा रिकॉर्ड 100 अरब डॉलर तक पहुंच गया। वहीं बीजिंग ने हालिया युद्ध में पाकिस्तान का खुलकर समर्थन किया है। व्यापार घाटा तब होता है जब कोई देश अन्य देशों को बेची जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं की तुलना में उनसे अधिक वस्तुएं और सेवाएं खरीदता है। जीटीआरआई ने चिंता जताई है कि इस तरह की निर्भरता संकट के समय चीन को बड़ा लाभ पहुंचा सकती है। भारत के रोजमर्रा के उत्पाद, जैसे 80.5 प्रतिशत लैपटॉप और 86 प्रतिशत फ्लैट पैनल डिस्प्ले में चीनी आयात का प्रभुत्व है।

इसके अलावा द्विपक्षीय व्यापार में भारत की हिस्सेदारी दो दशक पहले के 42.3 प्रतिशत से घटकर मात्र 11.2 प्रतिशत रह गई है। यह तीव्र गिरावट भारत की आपूर्ति शृंखलाओं की कमजोरी और चीनी इनपुट पर बढ़ती निर्भरता को उजागर करती है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक 1506 न.पा./रा.वि./2025-26

तिल्दा नेवरा दिनांक 18/08/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गुलशन वाधवा पिता श्री विद्यानंद वाधवा सेतपाल नगर तिल्दा नेवरा द्वारा थाना के पास व्यवसायिक परिसर दुकान कं. 10 के आंबटित दुकान को श्री विद्यानंद वाधवा पिता श्री तिल्दा-नेवरा से क्रय पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुतकर निकाय तिल्दा-नेवरा में आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त दुकान कं. 10 साईज 13X20 फिट रकबा 260 वर्गफिट है को नगर पालिका के डिमांड अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है उपरोक्त संबंध में, जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार / विज्ञापन से 30 दिवस के अंदर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं जावेगा।

आज दिनांक 18.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा**

## एक नजर

### 225 पदों पर भर्ती के लिए छग व्यापमं ने जारी की अधिसूचना

**रायपुर, 20 अगस्त।** छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर कार्यालय ने 225 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है। जारी अधिसूचना के मुताबिक इस भर्ती के लिए आनलाइन आवेदन 13 अगस्त से प्रारंभ हो चुके है अंतिम तिथि आवेदन के 3 सितंबर निर्धारित की गई है। फार्म भरने के बाद त्रुटि सुधार के लिए 4 से 6 सितंबर तक की अवधि निर्धारित की गई है। परीक्षा का आयोजन 21 सितंबर को किया जाएगा। जिसके लिए प्रवेश पत्र 15 सितंबर को व्यापमं की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। मंडल से मिली सूचना के अनुसार उक्त भर्ती के लिए आयु सीमा न्यूनतम 18 वर्ष से अधिकतम 35 वर्ष निर्धारित की गई है। आरक्षित वर्ग के लिए नियमानुसार छूट प्रदान की जाएगी। उक्त पदों में भर्ती के लिए शैक्षणिक योगयता बीएससी नर्सिंग पीबी नर्सिंग एवं जीएनएम कोर्स में रखी गई है। प्रत्येक पद पर भर्ती के लिए नियमानुसार राज्य नर्सिंग काउंसिल से पंजीकरण होना अनिवार्य है।

### अवैध निर्माण को हटाया

**रायपुर, 20 अगस्त।** राजधानी में इन दिनों नगर निवेश से बिना अनुमति एवं नियम विरुद्ध नक्शा पारित कर अवैध निर्माण करने वाले भूमाफियाओं पर ठोस कार्रवाई की जा रही है। नगर निवेश द्वारा ऐसे ही कई लोगों का अवैध निर्माण तोड़ा गया है। यह कार्रवाई नगर निगम द्वारा विभिन्न जोन में की जा रही है। नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार इस समय राजधानी के आउटर इलाके में अवैध निर्माण का काम धड़ल्ले से चल रहा है भाठागांव पिरदा तथा गोगांव में कई भूमाफियाओं द्वारा यह काम कराया जा रहा है। नगर निगम द्वारा इसे तत्काल तोड़ने का आदेश दिया गया है।

निगम से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 8 नगर निवेश विभाग द्वारा जोन 8 जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के मार्गनिर्देशन में रायपुर नगर निगम जोन 8 अंतर्गत वार्ड ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड क्रमांक 19 के क्षेत्र में स्वीकृति के विपरीत किये गए अवैध निर्माण को हटाए जाने की कार्यवाही अभियान चलाकर की गयी. जोन 8 जोन कमिश्नर के निर्देश पर नगर निगम जोन 8 नगर निवेश विभाग के उप अभियंता श्री लोचन प्रसाद चौहान और श्री अबरार खान की उपस्थिति में तत्काल स्वीकृति विपरीत अवैध निर्माण को स्थल पर तोड़ा गया एवं भविष्य में स्वीकृति लेकर नियमानुसार निर्माण करवाने की कड़ी हिदायत सम्बंधित निर्माणकर्ता को नगर निगम जोन 8 नगर निवेश विभाग द्वारा दी गयी.

### डॉ.रामटेके के शोधग्रंथ को हर शासकीय ग्रंथालय खरीदे

**रायपुर, 20 अगस्त।** सीएम साय ने छत्तीसगढ़ के समस्त शासकीय कॉलेज,विश्वविद्यालयों के प्राचार्य को निर्देश दिया है कि डॉ.टीआर रामटेके के पीएचडी शोधग्रंथ छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला को ग्रंथालय के लिए आवश्यकतानुसार, उपयोगितानुसार एवं नियमानुसार क्रय किया जाए। डॉ रामटेके ने सीएम से मांग की थी कि उनके शोधग्रंथ को राज्य के विश्वविद्यालय, महाविद्यालय में उच्च शिक्षा के विषय इतिहास,प्राचीन मूर्तिकला,स्थापत्य कला आदि के पाठ्यक्रम में शोध विद्यार्थियों को सहायक अध्ययन के लिए संदर्भ ग्रंथों की सूची में शामिल किया जाए। इस पर सीएम साय ने सभी कॉलेजों, विश्वविद्यालयों को निर्देश दिया है कि उक्त शोध ग्रंथ को आश्वयकतानुसार, उपयोगितानुसार,नियमानुसार क्रय किया जाए।डॉ.रामटेके के मुताबिक उक्त शोधग्रंथ में छत्तीसगढ़ के रामायण काल से कलचुरी काल ई.1750 तक का राजनीतिक इतिहास,150 रेखाचित्र,मानचित्र,450 रंगीन छायाचित्रों से विश्लेषणात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया है।

## मंत्री बने पुत्रों से पिताओं को ढेरों उम्मीद

# कहा- अब गरीबों का उत्थान कर करें प्रदेश का विकास

■ मुख्य नगर संवाददाता




**रायपुर, 20 अगस्त।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंत्रिमंडल सदस्य के तौर पर आज तीन नए मंत्रियों गुरु खुशवंत साहेब, गजेंद्र यादव और राजेश अग्रवाल ने पद की शपथ ली. राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में नवनियुक्त मंत्री के परिजन भी मौजूद थे, इनमें से गुरु खुशवंत साहेब के पिता बाल दास साहेब और गजेंद्र यादव के पिता बिरसा राम यादव से लल्लूराम डॉट कॉम ने खास बातचीत की.

गुरु बाल दास साहेब ने चर्चा में कहा कि सतनामी समाज के प्रतिनिधित्व के नाते गुरु खुशवंत साहेब के मंत्री बनने का भरोसा था. न केवल सतनामी समाज का, बल्कि अन्य समाजों से भी हमारा अच्छा नाता है. गुरु घासीदास से आशा थी कि हमारा सपना पूरा होगा, वो आज पूरा हो गया. उन्होंने कहा कि सामाजिक-धार्मिक पद पर थे ही, और उसके हिसाब से काम करते रहे हैं, लेकिन अब राजनीति की कमी थी, अब वह भी आ गया है, अब समाज और क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं रहेगी. वहीं पुत्र के मंत्री बनने पर उन्होंने कहा कि अब वे एक समाज के नहीं रहे, विधायक बनने के साथ क्षेत्र और अब मंत्री बनने के साथ उन पर पूरे प्रदेश का दायित्व है. पूरी मेहनत से काम करेंगे, और छत्तीसगढ़ का विकास करेंगे.

मंत्री गजेंद्र यादव के पिता बिरसा राम यादव ने लल्लूराम डॉट कॉम से चर्चा में कहा कि हम सुनते हैं कि राजनीति सेवा के लिए है, तो राजनीति को सेवा के लिए वो करके दिखाएं, यह मेरी शुभकामनाएं हैं. मंत्री पद का दायित्व मिलने पर कहा कि गजेंद्र यादव को अपने व्यवहार को न भुलें, अपनी प्राथमिकता बताते हैं कि वे गरीबों का विकास करें. यहां वन के आधार पर उद्योग चाहिए, राज्य सरकार वह विकास कर सकती है. वहीं पिता के तौर पर उन्होंने अपने पुत्र से आगे भी नाम रोशन करने की उम्मीद जताई.

## राजधानी में रफ्तार का कहर

# वीआईपी रोड पर अनियंत्रित थार पेड़ से टकराई, 5 घायल



**रायपुर, 20 अगस्त।** राजधानी रायपुर में फिर से रफ्तार का कहर देखने को मिला है. तेलीबांधा थाना क्षेत्र के वीआईपी रोड में मंगलवार की रात भीषण सड़क हादसा हो गया. तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई. हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए, साथ ही कार सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं.

जानकारी के मुताबिक, मंगलवार की रात वीआईपी रोड में काले रंग की महिंद्रा थार (CG 04 PR 1539) तेज रफ्तार में दौड़ रही थी. इसी दौरान ड्राइवर ने कार पर से नियंत्रिण खो दिया. कार सीधे सड़क किनारे पेड़ से टकराई गई. हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए. हादसे के दौरान कार में 5 लोग सवार थे, जिनमें से 2 लोगों को गंभीर चोटें आई है. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई में जुट गई.

# पागल कुत्ते का आतंक, 12 घंटे में 12 लोगों को काटा!

## माना में दहशत का माहौल



**रायपुर, 20 अगस्त।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कुत्तों का आतंक दिन रात बढ़ता ही जा रहा है । आए दिन कोई न कोई आवार कुत्तों का शिकार हो ही जाता है। ताजा मामला राजधानी के माना क्षेत्र से आ रहा है। जहां एक पागल कुत्ता लोगों पर लगातार हमलावर है। बीते मंगलवार को इस पागल कुत्ते ने 12 लोगों को काट लिया। माना क्षेत्र में पागल कुत्ते के आतंक से दहशत बना हुआ है. लोग अपने घरों से बाहर निकलने में डर रहे हैं।

माना क्षेत्र में एक पागल कुत्ता मंगलवार को दिनभर के भीतर 12 लोगों को काट लिया। कुत्ते के काटने से इलाके में दहशत का माहौल है। नगर पंचायत द्वारा कुत्ते को पकड़ने की कोशिश जारी है।

**जानिए पूरा मामला**

दरअसल, बीते मंगलवार को रायपुर के माना क्षेत्र में सुबह से शाम तक एक पागल कुत्ते ने 12 लोगों को काट लिया। कुत्ते ने जिन लोगों को अपना शिकार बनाया, उसमें 11 वर्ष के बच्चे से लेकर 75 वर्ष के बुजुर्ग तक शामिल हैं। कुत्ते के काटने के बाद लोग दोपहर 2:45 बजे से शाम 7:45 बजे तक रेबीज का इंजेक्शन लगवाने माना स्वास्थ्य केंद्र पहुंचते रहे. इस दौरान कुछ लोगों को स्वास्थ्य केंद्र द्वारा मेकाहारा भी रेफर कर दिया गया।

**जानिए क्या बोले सीएमओ**

नगर पंचायत माना सीएमओ सौरभ बाजपेयी ने बताया कि पागल कुत्ते को किसी ने हमारे क्षेत्र में लाकर छोड़ दिया है, जिससे जो लगातार आम लोगों पर हमला कर रहा है।

पागल कुत्ते को पकड़ने के लिए दो टीमें लगाई गई हैं, लेकिन वह अलग-अलग जगह जाकर लोगों को काट रहा है. अब तक उसे पकड़ा नहीं जा सका है।

# राशन दुकानदारों ने कमीशन बढ़ाने तथा क्षतिपूर्ति राशि देने की मांग की

### आगामी महीने से जाएंगे हड़ताल पर



**रायपुर, 20 अगस्त।** शासकीय राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ के आव्हान पर सभी 14 हजार से अधिक राशन दुकानदार आगामी एक सितंबर से हड़ताल पर चले जाने की घोषणा की है। संघ की मांग है कि चावल गेहूं शक्कर के वितरण का काम राशन दुकानदारों द्वारा किया जाता है। लेकिन कमीशन में वृद्धि नहीं की जा रही है। इसके अलावा क्षतिपूर्ति भी नहीं मिलने से दुकानदार परेशान है।

शासकीय राशन दुकानदार विक्रेता कल्याण संघ के प्रमुख विजय कुमार घृतलहरे ने बताया कि राज्य में शासकीय मूल्य पर चावल का वितरण का काम दुकानदारों द्वारा किया जाता है। जबकि दुकानदारों पर कई जिलों में जानलेवा हमला किया जा रहा है। हाल ही में दुकानदारों ने तीन महीने का चावल सफलतापूर्वक वितरण किया लेकिन सरकार द्वारा प्रति क्विंटल गेहू, चावल, शक्कर एवं नमक के वितरण पर मात्र पांच रुपये कमीशन दिया जाता है जो कि काफी कम है। उन्होंने कहा कि पिछले कई साल से हम इसे बढ़ाने की मांग कर रहे है। दुकानों में रखे चावल शक्कर खराब हो जाता है लेकिन हमें कोई क्षतिपूर्ति नहीं मिलती।

**भारत सरकार की तरह बढ़ाया जाए कमीशन**

राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत चावल एवं अन्नपूर्णा योजना मध्यान्ह पोषण आहार तथा रिफाइन नमक का वितरण किया जाता है। मिट्टी तेल वितरण की व्यवस्था लचर है इसे सिंडीकेट द्वारा गायब कर दिया जाता है। पिछले 20 वर्षों से हमें चावल वितरण में 30 रुपये प्रति क्विंटल शक्कर में पांच रुपये प्रति क्विं. मध्यान्ह पूरक पोषण आहार अन्नपूर्ण निशक्त योजना में बेगारी कराई जा र ही है। हमें केंद्र के बराबर 90 रुपये प्रति क्विंट. की दर से कमीशन दिया जाना चाहिए।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली का सफल संचालन करने वाले दुकानदारों का कहना है कि वितरण भंडारण में हमें क्षति होती है दुकान में शार्टेज होता है इसलिए क्षतिपूर्ति की राशि बढ़ाकर देना चाहिए। पिछले दिनों इसी मांग को लेकर हड़ताल पर गये थे लेकिन हमारी मांगे नहीं मानेगी। अब 1 सितंबर से संघ ने हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है इसकी सूचना खाद्य विभाग एवं खाद्य मंत्री को दे दी गई है।

# छत्तीसगढ़ की जनजातियों पर शोध और अनुसंधान की खुली राह

## गुरू घासीदास केन्द्रीय विवि और टी.आर.के.सी. के बीच हुआ एमओयू



**रायपुर, 20 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के बस्तर और सरगुजा क्षेत्र में निवास करने वाली जनजातियों पर विशेष शोध और अनुसंधान की राह खुल गई है।

राज्य की जनजातियों की गौरवशाली परंपरा, उनकी संस्कृति और उनके आर्थिक-समाजिक ताने-बाने को लेकर अब विद्यार्थी उच्च स्तरीय शोध कर पाएंगे। राज्य के गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय और ट्रायबल रिसर्च एण्ड नॉलेज सेंटर नई दिल्ली के बीच इसके लिए महत्वपूर्ण एमओयू हुआ है। टीआरकेसी विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में भारतीय जनजातियों के बारे में शोध कार्यों के लिए महत्वपूर्ण संस्था है। विश्वविद्यालय के ओर से इस एमओयू पर कुलसचिव प्रो. अभय एस रणदिवे और टीआरकेसी की ओर से छत्तीसगढ़ प्रभारी श्री राजीव शर्मा ने हस्ताक्षर किए। इस एमओयू के तहत् संस्था द्वारा अगले तीन वर्षों तक छत्तीसगढ़ में निवासरत जनजातियों पर शोध कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कूलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल, सौराष्ट्र विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. नीलांबरी दवे, वनवासी कल्याण आश्रम के अखिल भारतीय युवा कार्यप्रमुख श्री वैभव सुरंगे सहित अनेक प्राध्यापक, शोधार्थी, विद्यार्थी और गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे। एमओयू के बारे में टीआरकेसी के राज्य प्रभारी श्री राजीव शर्मा ने बताया कि टीआरकेसी देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में जनजातीय विषयों पर शोध कार्यों को बढ़ावा देने की महत्वपूर्ण संस्था है। गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर से एमओयू के बाद छत्तीसगढ़ की विभिन्न जनजातीयों पर रिसर्च तेज होगी। उन्होंने बताया कि राज्य की पुरातन और गौरवशाली जनजातीय के कई अनछुए पहलुओं और उनकी सभ्यता और संस्कृति के बारे में इन शोधों से आम नागरिकों को भी महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी। इन शोध कार्यों से सरगुजा और बस्तर के क्षेत्रों की विभिन्न जनजातियों के आदिकालीन सामाजिक संगठन, उनके अर्थशास्त्र, सुशासन, ग्रामीण उद्यमिता, सतत् विकास और नवाचार के बारे में भी लोगों को जानकारियां मिलेंगी। श्री शर्मा ने बताया कि इससे खुद जनजातीय युवा अपने गौरवशाली अतीत और उसकी व्यवस्थाओं के बारे में जान पाएंगे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने बताया कि संपादित एमओयू के बाद जनजातीयों पर संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं शुरू होंगी। क्षेत्राधारित केस स्टडी और युवाओं, प्रशासकों, जनजातीय हितधारकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, नेतृत्व विकास कार्यशालाएं और प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम भी आयोजित होंगे। युवाओं के लिए सामाजिक प्रभाव आधारित स्टॉटअप और नवाचारों पर मार्गदर्शन तथा परामर्श सत्र रखे जाएंगे। विशेषज्ञों और प्राध्यापकों की भागीदारी से जनजातीय वर्ग में जागरूकता अभियान भी चलाए जाएंगे।

### राष्ट्रीय राजमार्ग में मवेशियों के चलते हादसे को रोकने हाईकोर्ट के कड़े निर्देश

**रायपुर, 20 अगस्त।** हाईकोर्ट द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग में तथा शहर के अंदर मवेशियों को हटाने के निर्देश बार बार दिये जा रहे है इस संबंध में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने हादसे रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं। वहीं मुख्य सचिव छग शासन ने भी लोक निर्माण नगर निगम को निर्देशित कर राष्ट्रीय राजमार्गों एवं प्रमुख मार्गों से मवेशियों को हटाने का आदेश दिया है। मिली जानकारी के अनुसार इस समय बरसात के दिनों में अधिकांश मवेशी एवं पशु राष्ट्रीय राजमार्ग तथा राज्य के राष्ट्रीय राजमार्गों में बैठे रहते है जिसके कारण आए दिन हादसे हो रहे है। हाईकोर्ट ने याचिका कर्ताओं की सुनवाई में आदेश दिया है कि हाइवे में मवेशियों के कारण होने वाले हादसे बर्दास्त नहीं किये जाएंगें । सरकार को इस दिशा में कदम उठाना चाहिए। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा प्रदेश की सड़कों पर मवेशियों का जमघट लगा रहता है। ये मवेशी रात को वाहन चालकों को नहीं दिखते जिसके चलते यहां पर कई हादसे हो रहे हैं। इस संबंध में मुख्य सचिव एवं एनएचआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर को शपथ पत्र देने के निर्देश दिया गया है। मवेशियों को सड़क पर आने से रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम करने को कहा गया है। एनएचएआई ने बताया कि हादसे रोकने के लिए कई कदम उठाए गए है।

# गणेश विसर्जन के लिए महादेव घाट की विशेष साफ-सफाई

## निगम चला रहा सफाई एवं स्वच्छता अभियान



**रायपुर , 20 अगस्त।** नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री सुनील चंद्राकर, आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर महादेवघाट में गंदगी होने की जनशिकायत के त्वरित निदान हेतु नगर निगम मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग की विशेष सफाई गैंग ने नगर निगम जोन 8 स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ मिलकर लगातार एक सप्ताह तक महादेवघाट में घाट व पचरी की सघन सफाई करवाकर कचरा गंदगी उठवाकर जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा हेतु स्वच्छता कायम की। गणेश उत्सव पर्व के पूर्व महापौर के निर्देश पर नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती प्रिती सिंह ने प्रतिदिन एक सप्ताह तक निगम मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छता निरीक्षक श्री गिरिजेश तिवारी की उपस्थिति में महादेवघाट की सफाई का निरीक्षण कर समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये एवं स्वच्छता कायम की। वर्तमान में महादेवघाट की सफाई की मॉनिटरिंग महापौर के निर्देश पर निगम स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्रतिदिन की जा रही है एवं श्रीगणेश उत्सव हेतु पूर्ण स्वच्छता कायम करने अभियान प्रतिदिन जारी है। नागरिको से नदी में कचरा व गंदगी नहीं डालने एवं स्वच्छता कायम रखने सहभागिता दर्ज करवाने की अपील महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने नगर निगम की ओर से की है।

### पति ने की पत्नी की हत्या, शव जंगल में फेंका

**कोरबा 20 अगस्त।** चैकी कोहली थाना बालको क्षेत्र से एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक लाल रजटोड़े (35 वर्ष), निवासी लालपुर स्कूल पारा, महुला की उसके पति लालू बायस ने गला दबाकर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार आरोपी ने पत्नी की हत्या करने के बाद शव को पास के जंगल में फेंक दिया और फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

### नि:शुक रहेगा मार्निंग वाक योगा केन्द्र

**कोरबा 20 अगस्त।** उद्योग, वाणिज्य व श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के द्वारा आमजन के हित में दिए गए निर्देश का पालन करते हुए कोरबा जिला अरबन पब्लिक सोसायटी के द्वारा अशोक वाटिका में नि:शुल्क मार्निंग वाक एवं योगा केन्द्र की सुविधा बहाल कर दी गई है।




स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26